इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726

वर्ष- 45 अंक - 180 राजनांदगांव, मंगलवार 19 मई 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## 43 साल बाद नॉर्वे पहुंचे पीएम मोदी, समंदर से अंतरिक्ष तक के मास्टरप्लान पर होगी चर्चा, 5 देशों के साथ मजबूत होगी साझेदारी

नई दिल्ली। नॉर्वे में पिछली बार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी साल 1983 में गई थीं। जिसके बाद आज 43 साल बाद पीएम मोदी नॉर्वे पहुंचे है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने खुद एयरपोर्ट पहुंचकर पीएम मोदी का स्वागत किया। यह दौरा भारत को आर्थिक और अंतरिक्ष क्षेत्र में महाशक्ति बनाने की दिशा में बड़ा मास्टरप्लान माना जा रहा है। पीएम मोदी जोनास गहर स्टोर और शाही परिवार से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, जिससे ग्रीन टेक्नोलॉजी और ब्लू इकोनॉमी में अरबों डॉलर के निवेश पर मुहर लगेगी। 19 मई को ओस्लो में होने वाला तीसरा भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन सबसे अहम है, जहां पीएम मोदी 5 देशों के साथ व्यापार को नई दिशा देंगे।

### पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा भावुक पोस्ट

जैसे ही पीएम मोदी का विमान ओस्लो की धरती पर उतरा, नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर उनकी अगवानी के लिए वहां मौजूद थे। लैंड करने के तुरंत बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर अपनी भावनाएं शेयर कीं। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक हैंडल से बयान जारी



किया जिसमें कहा कि नॉर्वे के ओस्लो में उतरा। हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए मैं प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर का आभारी हूं। चार दशकों से भी अधिक समय में नॉर्वे की यह पहली प्रधानमंत्री-स्तरीय यात्रा है। मुझे विश्वास है कि यह भारत-नॉर्वे की दोस्ती में नई जान फूंक देगी।

### समंदर से लेकर अंतरिक्ष तक और EFTA डील

भारत ने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ समझौते पर दस्तखत किए हैं, जिसके बाद यह दौरा हो रहा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, साल 2024 में दोनों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पीएम मोदी को मिला नॉर्वे का सर्वोच्च सम्मान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार (18 मई) को नॉर्वे के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर उनके काम को देखते हुए यह सम्मान दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी को अपने कार्यकाल में अब तक मिला यह 32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट नॉर्वे का सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार है। इसकी स्थापना साल 1985 में किंग ओलाव पंचम द्वारा की गई थी। यह सम्मान विदेशी और नॉर्वेजियन नागरिकों को नॉर्वे और मानव जाति के हित में उनकी उत्कृष्ट सेवा के बदले इनाम के रूप में प्रदान किया जाता है।

## महाराष्ट्र के पालघर में कंटेनर और ट्रक की टक्कर में 12 बारातियों की मौत, 25 गंभीर रूप से घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर जिले से सोमवार तड़के एक अत्यंत हृदयविदारक घटना सामने आई। मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कासा क्षेत्र के पास बारातियों से भरे एक ट्रक और तेज रफ्तार कंटेनर के बीच हुई भीषण टक्कर में 12 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों में महिलाएं और मासूम बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। पुलिस के प्रारंभिक निरीक्षण और चश्मदीदों के बयानों के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण कंटेनर चालक की तेज रफ्तार और घोर लापरवाही रही। सोमवार तड़के करीब चार बजे, जब राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंधेरा और हल्का कोहरा था, गुजरात की ओर जा रहे एक विशाल कंटेनर ट्रक ने नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रहे छोटे आईशर ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी।



### बारातियों से भरा ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त

टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों वाहन पलट गए और बारातियों से भरा ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक में सवार लोग डहाणू तहसील के बापूगांव से एक शादी समारोह में जा रहे थे। इस छोटे ट्रक में 40 से अधिक लोग सवार थे। पुलिस आशंका जता रही है कि सुबह के वक्त कंटेनर ड्राइवर को नींद की झपकी आई होगी। हादसे के बाद राजमार्ग पर चीख-पुकार मच गई। दुर्घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सबसे पहले राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचित किया। इसके बाद कासा पुलिस और हाईवे रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सीधा कर नीचे दबे यात्रियों को बाहर निकाला गया। 25 गंभीर घायलों को तुरंत पास के कासा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी के निजी सचिव की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, मुजफ्फरनगर से पकड़ा

मुजफ्फरनगर। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी सफलता हासिल की है। सीबीआई ने हरिद्वार से लौटते समय बलिया के शार्प शूटर राजकुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। छपार क्षेत्र में टोल प्लाजा के निकट से उसे पकड़ा गया। ट्रांजिट रिमांड के लिए सीबीआई सीजेएम कोर्ट पहुंच गई है।



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में हमलावरों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की जांच में बलिया के रातोपुर निवासी राजकुमार सिंह का नाम सामने आया था। राजकुमार अपने परिवार के साथ सोमवार तड़के हरिद्वार से वापस लौट रहा था। सीबीआई की टीम ने पहले से ही मुजफ्फरनगर स्थित टोल प्लाजा पर डेरा डाल रखा था। इसके बाद छपार पुलिस के सहयोग से आरोपी राजकुमार को दबोच लिया गया। काफी देर तक आरोपी से पूछताछ की गई, जिससे घटना के तार जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं। सीबीआई के सीओ राजेश कुमार आरोपी के रिमांड के लिए कोर्ट पहुंचे है। पश्चिम बंगाल में हुए इस हाई-प्रोफाइल हत्याकांड ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जांच एजेंसी इस हत्याकांड से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित साजिशकर्ताओं का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस गिरफ्तारी से मामले में नए खुलासे होने की उम्मीद है।

## CSMCL ओवरटाइम घोटाला केस में पहली चार्जशीट पेश: अनवर ढेबर समेत 12 को आरोपी बनाया गया

रायपुर। छत्तीसगढ़ के CSMCL ओवरटाइम भुगतान घोटाला मामले में ACB-EOW ने सोमवार को पहला चालान पेश किया। इस चार्जशीट में 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमें कारोबारी अनवर ढेबर, नवीन प्रताप सिंह तोमर, तिजऊराम निर्मलकर, अभिषेक सिंह, नीरज कुमार चौधरी, अजय लोहिया, अजीत नरबले, अमित प्रभाकर सालुंके, अमित मित्तल, एन. उदय राव, राजीव द्विवेदी और संजीव जैन के नाम हैं। वहीं, इस मामले में पहले से गिरफ्तार 8 आरोपियों को पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद विशेष न्यायालय ने ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है।

ACB-EOW की जांच में खुलासा हुआ कि साल 2019-20 से 2023-24 के बीच कर्मचारियों के नाम पर ओवरटाइम, बोनस, एक्स्ट्रा वर्क डे भुगतान और सर्विस चार्ज के रूप में लगभग 182.98 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया गया। जांच एजेंसियों के मुताबिक शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों को ओवर टाइम का पैसा मिलना था। लेकिन फर्जी बिल, बढ़े हुए भुगतान और अवैध कमीशन व्यवस्था के जरिए घोटाले की रकम को अधिकारियों, सिंडिकेट और संबंधित कंपनियों के पास गई।



**182.98 करोड़ की गड़बड़ी सामने आई**

### 4 कंपनियों को हुआ भुगतान

जांच में सुमित फैसिलिटीज, प्राइमवन वर्कफोर्स, ए-टू-जेड इंफ्रासर्विसेज, अलर्ट कमांडोज और ईगल हंटर सॉल्यूशंस जैसी मैनपावर एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई है। जांच एजेंसियों के अनुसार वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच इन कंपनियों को कर्मचारियों के नाम पर बड़े पैमाने पर अतिरिक्त भुगतान किया गया। इसमें ओवरटाइम के नाम पर लगभग 101.20 करोड़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### ममता राज पर एक्शन मोड में सीएम शुभेन्दु अधिकारी

## भ्रष्टाचार और महिला अत्याचार मामलों की जांच के लिए दो कमेटियां गठित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेन्दु अधिकारी लगातार एक्शन मोड में हैं। अब उन्होंने ममता बनर्जी की पिछली सरकार पर सबसे ब?ा वार किया है। सीएम ने ममता बनर्जी के कार्यकाल के दौरान संस्थागत भ्रष्टाचार और महिलाओं पर हुए अत्याचार की जांच के लिए हाई कोर्ट के रिटायर्ड जजों की अध्यक्षता में दो कमेटियां बनाने को मंजूरी दे दी है। बंगाल सरकार की कैबिनेट में इसे मंजूर किया है। मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि दोनों समितियां 1 जून से आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर देंगी।



मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने बताया कि वित्तीय अनियमितताओं और कथित कट मनी नेटवर्क की जांच के लिए बनाई गई समिति की अगुवाई रिटायर्ड जस्टिस बिस्वजीत बसु करेंगे। इस पैनल में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जयरामन को सदस्य सचिव बनाया गया है।वहीं महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ कथित अत्याचार की घटनाओं की जांच के लिए दूसरी समिति बनाई गई है। इसकी अध्यक्षता रिटायर्ड जज समप्ति चटर्जी करेंगी। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दमयंती सेन को इस समिति का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

### विधानसभा चुनाव प्रचार में बीजेपी ने उठाया था मुद्दा

आपको बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने लगातार भ्रष्टाचार, कट मनी और महिलाओं की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बनाया था। पार्टी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'सीना तानकर कह सकता हूं, भारत नक्सल मुक्त है', अमित शाह का बड़ा बयान



बस्तर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री शाहः अमर वाटिका में शहीदों को दी श्रद्धांजलि, वीर जवानों को किया नमन

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर पहुंचे थे। यह उनका वो पहला दौरा था, जो उन्होंने देश से वामपंथी उग्रवाद को जड़ से खत्म करने के लिए 31 मार्च 2026 की जो आखिरी डेडलाइन तय की थी, उसके पूरा होने के बाद हुआ। शाह के इस ऐतिहासिक ऐलान के साथ ही भारत के माथे से दशकों पुराना नक्सलवाद का कलंक हमेशा के लिए मिट गया है। इस भव्य कार्यक्रम में नक्सल विरोधी ऑपरेशन्स में शामिल सुरक्षा बलों के जांबाज जवान और उग्रवाद की हिंसा में शहीद हुए जवानों व आम नागरिकों के पीड़ित परिवार मौजूद थे।

### तीन पीढ़ियों का खूनी दर्द हुआ खत्मः शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि बस्तर के लिए यह बहुत बड़ा दिन है। आज यहां खड़ा रहकर सीना तन के कह सकता हूं भारत नक्सल मुक्त हो चुका है। इस कामयाबी का सारा क्रेडिट हमारे सिक्योरिटी फोर्सेस को जाता है, और मैं आपके सामने सिर झुकाता हूं। यह एक सपना था, एक ऐसा सपना जिसके लिए हजारों जवानों ने इसे हकीकत में बदलने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।% इसके तुरंत बाद तीन पीढ़ियों के दर्द और जवानों के पराक्रम को याद करते हुए अमित शाह ने कहा %साल 1971 से 2026 तक, जनता ने एक बुरे सपने जैसा कष्ट भोगा। बहुत खून-खराबा हुआ। तीन पीढ़ियां बर्बाद हो गईं। मुझे बहुत खुशी है कि हमारे बहादुर सैनिकों ने तीन से चार सालों में ही हमारा लक्ष्य हासिल कर लिया। अमित शाह ने कहा इस बड़ी कामयाबी के पीछे सुरक्षा बलों का हाथ है, जिसका नतीजा यह हुआ कि सैकड़ों माओवादी ढेर कर दिए गए और प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के शीर्ष नेताओं समेत सैकड़ों ने सरेंडर कर दिया। शाह ने याद दिलाया कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब देश के सामने जम्मू-कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिका-चीन व्यापार समझौताः आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए बनेंगे दो नए बोर्ड, व्हाइट हाउस ने जारी किया ब्योरा

वाशिंगटन। अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर आई है। व्हाइट हाउस ने दोनों देशों के बीच हुए बड़े समझौतों की जानकारी साझा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की हाल ही में मुलाकात हुई थी। इसके बाद एक आधिकारिक विवरण जारी किया गया। इस विवरण में व्यापार, निवेश और ईरान से जुड़े मुद्दों पर व्यापक सहमति का दावा किया गया है। हालांकि इस पूरे विवरण में ताइवान का कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है।



### आर्थिक सहयोग के लिए नए मंच

व्हाइट हाउस के अनुसार, दोनों देशों ने आर्थिक सहयोग को बढ़ाने का फैसला किया है। इसके लिए नए संस्थागत ढांचे बनाने पर सहमति जताई गई है। इसमें दो नए मुख्य मंच शामिल हैं। पहला मंच यूएस-चाइना बोर्ड ऑफ ट्रेड है। दूसरा मंच यूएस-चाइना बोर्ड ऑफ इंवेस्टमेंट बनाया गया है। इन मंचों का उद्देश्य व्यापार और निवेश से जुड़े मामलों को तेज़ी से आगे बढ़ाना होगा। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्तों को नया बल मिलेगा।

### अमेरिकी सामान खरीदेगा चीन

इस बैठक से जुड़ी रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने सकारात्मक रुख दिखाया है। चीन ने अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाने में रुचि दिखाई है। इसके साथ ही वह ऊर्जा संसाधनों और विमानन क्षेत्र से जुड़े सामानों की खरीद भी बढ़ाएगा। दोनों देशों ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को स्थिर रखने पर जोर दिया। दोनों पक्षों का मानना है कि वैश्विक आर्थिक सहयोग को मजबूत करना बेहद आवश्यक है। इस महत्वपूर्ण बैठक में ईरान और पश्चिम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाकिस्तान ने सऊदी में तैनात की जेट स्क्वाड्रनः समझौते के तहत हजारों सैनिक भी भेजे, ईरान युद्ध के बीच बड़ा कदम

नई दिल्ली। पाकिस्तान ने एक आपसी रक्षा समझौते के तहत सऊदी अरब में अपने 8,000 सैनिक, लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन और एक मिसाइल हवाई रक्षा प्रणाली तैनात की है। यह कदम बेहद चौंकाने वाला है। पाकिस्तान खुद इस समय ईरान युद्ध में मुख्य मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। पाकिस्तान की इस गोपनीय और बड़ी सैन्य तैनाती की बात पहली बार सामने आई है। समाजार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, तीन सुरक्षा अधिकारियों और दो सरकारी सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। उनके अनुसार, यह पूरी तरह से युद्ध-सक्षम सेना है। इसका मुख्य उद्देश्य सऊदी अरब पर हमला होने की स्थिति में उसे सैन्य सहायता प्रदान करना है।



### दोनों देशों के बीच हुआ था रक्षा समझौता

दोनों देशों के बीच पिछले साल एक गोपनीय रक्षा समझौता हुआ था। इसकी शर्तें पूरी तरह से गुप्त रखी गई हैं। इस समझौते के तहत दोनों देश एक-दूसरे की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पहले ही संकेत दे चुके हैं कि सऊदी अरब अब पाकिस्तान की परमाणु छतरी के नीचे सुरक्षित है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने अप्रैल की शुरुआत में 16 जेएफ-17 लड़ाकू विमानों का पूरा स्क्वाड्रन सऊदी अरब भेजा है। इसके अलावा ड्रोन के दो स्क्वाड्रन भी भेजे गए हैं।

### हजारों सैनिकों और चीनी मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तैनाती

सऊदी अरब भेजे गए सैन्य साजो-सामान में चीन निर्मित एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम भी शामिल है। इसका पूरा खर्च सऊदी अरब उठा रहा है। हालांकि, इसे संचालित करने की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सैनिकों की ही होगी। तैनात किए गए 8,000 सैनिक मुख्य रूप से सलाहकार और प्रशिक्षण की भूमिका निभाएंगे। यह सेना सऊदी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डीएमएफ घोटाले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत, छत्तीसगढ़ से बाहर रहने का निर्देश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छत्तीसगढ़ कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को जिला खनिज निधि (डीएमएफ) घोटाले में जमानत दे दी। जमानत देते समय पीठ ने कड़ी शर्तें लगाते हुए पूर्व अधिकारी को छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर रहने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त महाधिवक्ता रवि शर्मा ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की पीठ ने इस तथ्य पर ध्यान दिया कि पूर्व अधिकारी 24 जनवरी, 2024 से विभिन्न भ्रष्टाचार मामलों में जेल में बंद है। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने टुटेजा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता शोएब आलम की दलीलों पर ध्यान दिया कि पूर्व आईएएस अधिकारी को डीएमएफ मामले में 23 फरवरी, 2026 को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ लगभग 85 गवाहों से पूछताछ की जानी है। मुकदमे के निष्कर्ष में समय लगने की संभावना है। यद्यपि यह सच है कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप गंभीर हैं, लेकिन यह मुकदमे का विषय होगा। यह मामला उस चरण में है जहां अभियोजन पक्ष के गवाहों से पूछताछ की जानी है। हिरासत में बिताए गए समय और मुकदमे के निष्कर्ष में लगने वाली संभावित अवधि को ध्यान में रखते हुए, हम याचिकाकर्ता को जमानत देना उचित समझते हैं। टुटेजा पर राज्य के उद्योग विभाग में संयुक्त निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान डीएमएफ के तहत ठेके देने में भारी रिश्वत लेने का आरोप है।



## भारत की पहली बुलेट ट्रेन की फोटोः रेल मंत्रालय ने गेट पर लगाई

### इस साल गुजरात में सूरत-बिलिमोरा के बीच चलने की उम्मीद



अहमदाबाद। भारत की पहली बुलेट ट्रेन की पहली झलक सोमवार को सामने आई है। दिल्ली में रेल मंत्रालय के गेट नंबर 4 पर मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल की फोटो लगाई गई है। रेल मंत्रालय ने भरोसा जताया है कि इसी साल गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच (करीब 50 किमी) देश की पहली बुलेट ट्रेन चलाई जा सकती है। एएनआई के मुताबिक, 508 किमी लंबा मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट जापान सरकार की टेक्निकल और फाइनेंसिअल मदद से बन रहा है। यह प्रोजेक्ट गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। इसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती समेत 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। रेलवे मंत्रालय ने बताया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मॉर्निंग वाक पर निकले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हुए लूट के शिकार

रायपुर(दावा)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान राजधानी रायपुर में एक बड़ी घटना सामने आई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता धरमलाल कौशिक लूट की घटना का शिकार हो गए।



बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान एक बाइक सवार बदमाश उनका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक धरमलाल कौशिक सुबह करीब सवा 8 बजे घर से टहलने निकले थे, इसी दौरान बाइक पर आए एक युवक ने उनका मोबाइल झपट लिया और मौके से भाग निकला। घटना के समय कौशिक अकेले थे घटना के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# शहर में चार घंटे तक रिकार्ड बिजली बंद, गर्मी में उबले शहरवासी

राजनांदगांव (दावा)। बिजली विभाग द्वारा बारिश के पूर्व मेंटनेंस के नाम पर अलग-अलग स्थानों में कई-कई दिनों तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध किया गया। लेकिन पखवाड़े भर से ज्यादा दिनों तक चले मेंटनेंस की कार्य के बावजूद ऐसा कोई दिन नहीं होगा। जिस दिन लोगों के घरों की दसियों बार बिजली गुल नहीं हुई हो। भीषण गर्मी के दिनों शहर सहित पूरे जिले भर में बिजली की आंख मिचौली और जब-तब घंटे, डेढ़ घंटे के लिए बिजली बंद कर दिए जाने से लोगों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है। सोमवार 18 मई को तो बिजली वालों ने हद कर दी। दोपहर भीषण गर्मी के समय दो-ढाई बजे से ऐसी बिजली गुल हुई कि सीधे छह बजे शाम को आया। जब तक बिना पंखे कूलर एसी के लोग गर्मी में उबलते रहे। पसीने से तर-बतर होते रहे। छोटे-छोटे बच्चों वाले घरों में तो पसीने से लथपथ परिवार वालों का जीना हराम हो गया था। भीषण गर्मी से जूझ रहे छोटे-छोटे बच्चों को संभाले कि पसीने में तर-बतर होकर खुद संभले समझ में नहीं आ रहा था। भीषण गर्मी से जूझते हुए ले-देकर दिन कटी। शाम को बिजली आई तब लोगों के जीव में जीव आया और उन्हें थोड़ी राहत मिल पाई। सोमवार दोपहर से देर शाम तक लगातार 4 घंटे बिजली बंद रहने से शहर के सरकारी कार्यालयों में काम प्रभावित रहा। एक तो भीषण गर्मी के चलते दोपहर में बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है। पसीने से उबल रहे लोगों को घरों से बाहर आना पड़ा। इससे लोगों को खासी परेशानियां झेलनी पड़ी।

### पार्रीनाला मुख्य पावर स्टेशन का केबल जला

बताते चलें कि जिला मुख्यालय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 51

**बिजली विभाग की मनमानी से फैला आक्रोश, बिजली दफ्तर में बोल सकते हैं धावा**



वार्डों में भरपूर बिजली की व्यवस्था के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 1400 से अधिक ट्रांसफार्मरों की व्यवस्था कराई गई है। चिह्नांकित स्थानों पर अधिक से अधिक सब स्टेशनों का संचालन किया जा रहा है। अभी कुछ दिनों पहले पूरे शहर भर में मेंटनेंस का कार्य पूरा किया गया। इसके बाद भी ऐसा क्या कुछ हुआ कि पार्री नाला समीप स्थित पावर स्टेशन का केबल जल गया। इससे सभी विद्युत मशीन चपेट में आ गए। लिहाजा इसके चलते हुई विद्युत आपूर्ति में बाधा का खामियाजा पूरे शहरवासियों को भुगतना पड़ा। इस तरह शहर में बार-बार बिजली बंद कर देने की शिकायत केवल आज की नहीं, रोजाना का रोना है। जरा सी आंधी तूफान आने पर बिजली कट कर दिया जाता है। बीती रात शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली गुल होने से लोग परेशान होते रहे। पिछले दिनों बल्देवबाग क्षेत्र में लगभग घंटे भर तक विद्युत प्रवाह बंद रही। इस क्षेत्र में अखबार दफ्तर होने के कार समाचार पत्रों के प्रकाशन में परेशानियां उपस्थित हुई। रविवार को दिन में कंचनबाग क्षेत्र से लेकर राम दरबार एरिया व नेहरू नगर सहित आसपास का क्षेत्र बिजली गुल से परेशान रहा। यही नहीं पटरी पार क्षेत्र चिखली, शांतिनगर, मोतीपुर, बजरंगपुर नवागांव, स्टेशन पारा, पुराना ढाबा आदि क्षेत्रों में बिजली गुल की समस्या ने लोगों को आक्रोश से भर दिया है।

### बिजली कटौती पर कांग्रेस ने किया था प्रदर्शन

बता दें कि बिजली कटौती या विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही से आए दिन की जाने वाली बिजली गुल की समस्या से लोगों खासे परेशान हैं। सोमनी क्षेत्र में बिजली कंपनी के उप केंद्र में तो शराब पार्टी चलने का खुलासा हुआ। शहर के मेंन पावर हाउस में भी इसी तरह की लापरवाही देखी जाती है। तभी तो आए दिन लोगों को दिन में दसियो बार बिजली गुल समस्या का सामना करना पड़ता है। यह समस्या बारिश के पूर्व ट्रांसफार्मर बदले जाने व मेंटनेंस किए जाने के बावजूद ठीक नहीं हो पाई। बिजली कटौती से आम जनता के साथ-साथ कारखाना-फैक्ट्री चलाने वाले व्यापारी भी परेशान रहे। लोगों की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदर्शन किया गया, लेकिन अफसरों के कान में जूं तक नहीं रेंगी। विद्युत विभाग के अफसर इतने ढीठ हो गए है कि जनता के हित के लिए किए गए धरना प्रदर्शन को नोटिस नहीं लेते। विद्युत वितरण कंपनी के इन अफसरों के इस तरह की बेपरवाही के चलते आए दिन की जाने वाली बिजली गुल, बिजली कटौती जैसे कारनामों से जनता बेहाल है और किसी भी दिन अपने आक्रोश का इजहार उग्र रुप में करने विवश हो जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

## पहला कॉलम...

### सनसिटी फुटबॉल प्रतियोगिता में सुपर स्ट्राइकर बना चैंपियन



राजनांदगांव (दावा)। शहर की सबसे प्रसिद्ध सोसाइटी सनसिटी में तीन दिवसीय रात्रिकालीन 5ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से आयोजित की गई। जिसमें 5 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें सुपर स्टाईकर ओनर राजेश सूरज सोनी की टीम विजेता बनी। उपविजेता खंडेलवाल क्लासेस ओनर अभिषेक खंडेलवाल रही। सबसे अधिक गोल मारने वाले यश सोनी और सबसे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आरव गोयल को सम्मानित किया गया। सनसिटी अध्यक्ष आनंद चोपड़ा ने सभी खिलाड़ी टीम स्पान्सर और मैच देखने आये सभी सोसाइटी वासियों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता व कुणाल शर्मा ने दी।

### नेशनल स्पीच पैथोलॉजिस्ट डे पर राजनी राठी का हुआ सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। नेशनल स्पीच पैथोलॉजिस्ट डे के अवसर पर स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी को शहर के सुप्रसिद्ध चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. नरेंद्र गांधी द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह सत्यदर्शन परिवार द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में बच्चों के संवाद विकास और स्पीच थैरेपी के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि स्पीच थैरेपी बच्चों और परिवारों के जीवन में आत्मविश्वास और नई उम्मीद जगाने का माध्यम है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमलेश यादव, दीपक राठी, भगवती साहू, गुंजा यादव, करीना, हेमलता मरकाम, देविका रजक एवं साधना सिन्हा उपस्थित रहे।

### लगातार बिजली बंद होने से वार्डवासी परेशान, आंदोलन करने की तैयारी में

राजनांदगांव (दावा)। शहर के वार्ड क्रमांक 01 में अघोषित बिजली बंद होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में कभी भी बिजली बंद हो जा रही है, लगातार 8 से 10 दिनों तक दोपहर रात सुबह कभी भी बिजली गुल होने से वार्डवासी बहुत परेशान है। वार्डवासी बिशनाथ साहू, रूपचंद साहू, दीपक वर्मा ने बताया कि, व्यवस्था नहीं सुधरी तो विद्युत मंडल का घेराव किया जावेगा।

### भाजपा सोशल मीडिया उत्तर मंडल के सहसंयोजक बने जमाल खान



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पार्टी को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने की दिशा में जिला भाजपा राजनांदगांव द्वारा महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय एवं प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी के मार्गदर्शन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा पर सोशल मीडिया जिला संयोजक ईशान शर्मा द्वारा राजनांदगांव जिले के सोशल मीडिया मंडल संयोजक एवं सह-संयोजकों की नई नियुक्तियां घोषित की गई हैं। इसी संगठनात्मक फेरबदल के क्रम में जिला भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया उत्तर मंडल के सहसंयोजक पद पर वार्ड क्रमांक 2, मोतीपुर निवासी जमाल खान को नियुक्त किया गया है। भाजपा संगठन ने उनकी सक्रियता, कुशल कार्यशैली एवं सोशल मीडिया के प्रति लंबे समय से रहे समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

#### नीतियों और जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य

भाजपा संगठन द्वारा की गई इस नियुक्ति के बाद से ही स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में भारी उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि जमाल खान अपने इस नए दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। वे केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों एवं जनहितकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जमीनी स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जमाल खान की इस नई नियुक्ति पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, स्थानीय कार्यकर्ताओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें फूलों का हार पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी है तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

## शहर की हिंदू समाज की लड़की को मुस्लिम युवक द्वारा भगा ले जाने में महावीर चौक में चक्काजाम



राजनांदगांव (दावा)। शहर में एक हिंदू युवती को मुस्लिम समाज के युवक द्वारा कथित रूप से भगा ले जाने के मामले ने सोमवार रात को तूल पकड़ लिया। इस घटना से आक्रोशित हिंदू समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शहर के व्यस्ततम महावीर चौक पर रात करीब 8 बजे एकत्रित होकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम बेहद उग्र होने के कारण खैरागढ़ रोड, दुर्ग-रायपुर मार्ग सहित शहर के भीतर प्रवेश करने वाली सभी प्रमुख सड़कों पर आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। जिससे राहगीरों और शहरवासियों को देर रात तक भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर खड़े किए गंभीर सवाल

प्रदर्शनकारी हिंदू संगठनों ने इस पूरे मामले में स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। अपुष्ट सूत्रों और प्रदर्शनकारियों के अनुसार कथित रूप से भगाकर ले जाई जा रही युवती और मुस्लिम युवक को पहले थाने लाया गया था। आरोप है कि पुलिस अभिरक्षा में होने के बावजूद पुलिस द्वारा ही उन दोनों को वहां से जाने दिया गया या भगा दिया गया। पुलिस की इस कथित लापरवाही की खबर जैसे ही शहर में फैली, समाज के लोग और हिंदू संगठनों के पदाधिकारी आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आए और महावीर चौक को चारों तरफ से घेरकर जाम लगा दिया।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर शहर में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है और इसे सीधे तौर पर लव जिहाद के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। उग्र प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन आसपास के रास्तों से यातायात को डायवर्ट करने और व्यवस्था बनाने में जुटा रहा। समाचार लिखे जाने तक संगठनों और पुलिस अधिकारियों के बीच वार्ता जारी थी और स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बनी हुई है।

## सोमनी पुलिस की कार्रवाई : लंबे समय से फरार चल रहा टायर चोरी का आरोपी मप्र से गिरफ्तार




सोमनी (दावा)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में असामाजिक तत्वों और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमनी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अपने क्षेत्र से लंबे समय से फरार चल रहे टायर और डीजल चोरी के मुख्य आरोपी को तकनीकी साक्ष्यों की मदद से धर दबोचा है। इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री करने वाले और सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ भी सख्त पुलिसिया कार्रवाई की गई है।

### ड्राइवर ही निकला चोर, 90 हजार का माल किया था पार

सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका ट्रक ड्राइवर कमलेश साहू उसके ट्रक से दो नग टायर डिस्क, दो नग बैटरी, जैक, जैक रॉड, डीजल, 3 नग लोहे के बत्ते और 4 नग लकड़ी के पटिए (कुल कीमती करीब 90,000 रुपए) चोरी कर फरार हो गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सोमनी पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। चोरी के बाद से ही आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। पुलिस अधीक्षक के कड़े तेवर के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों की सटीक मदद से आरोपी ड्राइवर कमलेश साहू उर्फ सोनू (पिता छोटेलाल साहू उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम मतिहनी, थाना बहरी, जिला सीधी, मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### अवैध शराब बेचते एक गिरफ्तार, पियक्कड़ों पर भी एक्ट के तहत मामला दर्ज

ग्राम सांकरा मोड़ के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बेच रहे एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा। जिसमें पुलिस ने आरोपी इन्द्रेश देशलहरे (पिता गणेश लहरे उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम ठेकवा) के कब्जे से 16 पौवा देशी प्लेन मसाला शराब (कुल 2880 एमएल, कीमती 1600) और शराब बिक्री की नगद रकम 200 जब्त की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(ए)(ख) के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा पुलिस की टीम ने ग्राम ठेकवा और अंजोरा में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर हुड़दंग करने वालों पर भी कार्रवाई की। इनमें दुर्गादास साहू (पिता बीरबल दास देवदास, उम्र 26 वर्ष, निवासी ठेकवा) और किशन लाल साहू (पिता अलखराम साहू, उम्र 57 वर्ष निवासी अंजोरा) को पकड़ा गया।


**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला**
**क्रमांक: 202605095700011**
विषय:- अ-74 मामले की श्रेणी:- राजस्व सत्र:- 2025-2026 बोदेला प.ह.नं. 00003 [48/6 (0.0650 हे.)] पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार रामदयाल, भारत, गणेश, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामदयाल पिता भुखउ एवं अन्य 3 निवासी ग्राम बोदेला तह. डोंगरगांव के स्वामित्व की भूमि ग्राम बोदेला प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. तुमड़ीबोड़, तह.-डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 48/1, 48/2, 48/3, 48/4, 48/5, 48/6 भूमि का मूल नक्शा काली स्याही से अंकित हो जाने के कारण आवेदक एवं अन्य 3 के द्वारा मूल नक्शा में सुधार किये जाने हेतु आवेदन कलेक्टर महोदय के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगाँव के माध्यम से आवेदन मय दस्तावेज प्राप्त हुआ है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 25.05.2026 के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि 25.05.2026 के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/05/2026 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
तुमड़ीबोड़

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक गुलाब सिंह निषाद पिता-चिंताराम निषाद जाति-केवंट निवासी ग्राम-आतरगांव मकान नं. 70 वार्ड, नं. 05 तह. अं. चौकी जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर रीतुपर्ण निषाद (Reetuparn Nishad) अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर रितुपर्ण निषाद (Rituparn Nishad) अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में रीतुपर्ण निषाद (Reetuparn Nishad) अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर रितुपर्ण निषाद (Rituparn Nishad) अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं. चौकी
दिनांकः-18/05/2026

आवेदक
गुलाब सिंह
निवासी ग्राम-आतरगांव
तह.-अं. चौकी, जिला-मो.-मा.,अं. चौकी

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका हेमलता कौशिक पति-नरेन्द्र कौशिक जाति-नाई निवासी ग्राम गुण्डरदेही, पोस्ट-बांधाबाजार मकान नं. 155 वार्ड नं. 02, तह.-अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 की निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर ध्रुवंश अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्र के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर ध्रुववंश कौशिक अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में ध्रुवंश अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर ध्रुववंश कौशिक अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आयें।
स्थान :- अं.चौकी, दिनांकः 18/05/2026

आवेदिका
हेमलता
निवासी ग्राम-गुण्डरदेही
तह.-अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी

**// निविदा आमंत्रण //**

कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अम्बागढ़ चौकी, जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) में वर्ष 2026-27 के लिए निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अं. चौकी में भर्ती मरीजों के लिए भोजन, चाय, नास्ता आदि उपलब्ध कराने हेतु निविदा अवधि 1 वर्ष एवं अम्बागढ़ चौकी तहसील के स्थानीय फर्म एवं महिला स्व-सहायता समूह को प्राथमिकता दी जावेगी। निविदा के लिए नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पटल पर कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।
निविदा प्रपत्र एवं नियमावली अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन समयावधि में रू. 500.00 अक्षरी पांच सौ रूपये मात्र (अप्रतिदेय) जमा कर दिनांक 20/05/2026 से 26/05/2026 तक शाम 04.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।
1- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 05/06/2026 दोपहर 03.00 बजे तक।
2- निविदा खोलने की तिथि 05-06-2026 शाम 04.00 बजे।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र
अं.चौकी, जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ -जिला राजनांदगांव, तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं. 00059 ककरेल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT20252642051070008

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00059 के अंतर्गत ग्राम ककरेल के वर्तमान भूमिस्वामी बासन बाई पिता/पति-बेवा जेठू पता-देह, जंत्रीन पिता/पति-जेठू पता, नरेन्द्र पिता/पति-जेठू पता, विनय पिता/पति-जेठू पता-, कीर्तन बाई पिता/ पति-जेठू पता-, धनाजीत पिता/पति- जेठू पता-देह, लीलाबाई पिता/पति-जेठू पता-, केराबाई पिता/पति-जेठू पता-, दशरथ पिता/ पति-जेठू पता-, रमेश पिता/पति-जेठू पता-, जीहन पिता/पति-जेठू पता-देह, मोहन पिता/ पति-जेठू पता-, संतराबाई पिता/पति-जेठू पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 183/1 (0.4260 हे.), 286 (0.0490 हे.) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रमेश, मोहन, दशरथ, जंत्रीन पिता/पति-स्व.जेठू पता-, नरेन्द्र भारती, कीर्तन बाई पिता/पति-स्व. जेठू पता, नन्दकुमार भारती, प्रकाश भारती, रंजित भारती, भूषण दास भारती, सोहद्री बाई रात्रे, रमशीला बाई पिता/पति-स्व. धनाजीत पता के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 1 पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/05/2026 को जारी किया जाता है।

DIVYA VAIDYA
नायब तहसीलदार, राजनांदगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ -जिला राजनांदगांव, तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं. 00059 परमालकसा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202526420510200010

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00059 के अंतर्गत ग्राम परमालकसा के वर्तमान भूमिस्वामी हिरदेराम पिता/पति-बुध्दू पता-सा. देह, रूपाबाई पिता/ पति-बुध्दू पता-, सुगबाई पिता/पति-बुध्दू पता-, सुखराम पिता/पति-बुध्दू पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 232/1 (0.0200 हे.), 232/2 (0.0120 हे.), 334/1 (0.0980 हे.), 75/1 (0.1910 हे.), 378/1 (0.3070 हे.) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता माधोराम मारकंडे पिता/पति-स्व. हिरदेराम पता-, गिरीश कुमार पिता/पति-स्व.रेखालाल मारकंडे पता-, मनोज कुमार मारकंडे पिता/पति-स्व. गणपत मारकंडे पता-, घनश्याम दास पिता/पति-बाहुर दास पता-, रुगबाई पिता/ पति-बुध्दू पता-, लक्ष्मी बाई पिता/पति-स्व. हिरदेराम पता-, कंचन मनोहर बारले पिता/पति-स्व. रेखालाल मारकंडे पता-, मनीषा बांधे पिता/पति-स्व. गणपत मारकंडे पता-, सुखराम पिता/पति-बुध्दू पता-, हेमंत कुमार पिता/पति-स्व. रेखालाल मारकंडे पता-, लक्ष्मी बाई पिता/पति-स्व.रेखालाल मारकंडे पता, गिरजाबाई मारकंडे पिता/पति-स्व. गणपत मारकंडे पता, गोवर्धन मारकंडे पिता/पति-स्व.हिरदेराम पता-ग्राम डुमरडीहखुर्द, नितेश कुमार पिता/पति-स्व.रेखालाल मारकंडे पता-, हेमराज पिता/पति-स्व. गणपत मारकंडे पता-, रोहित कुमार चन्द्रवंशी पिता/पति-बाहुरदास पता के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 1 पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/05/2026 को जारी किया जाता है।

DIVYA VAIDYA
नायब तहसीलदार, रा.नि.मं. ठाकुरटोला

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं HANSRAJ के नाम से पूर्व में जाना जाता था। जिसे सुधारकर अब नए नाम HANSRAJ CHOUHAN के नाम से जाना व पहचाना जावे। इसी प्रकारी माताजी का नाम KANTA BEN CHAUHAN था एवं धर्मपत्नी KIRTI CHAUHAN था। जिसे अब माताजी को KANTA BEN CHOUHAN एवं धर्मपत्नी KIRTI CHOUHAN के नाम से जाना व पहचाना जावे।
अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम HANSRAJ CHOUHAN तथा मेरी माताजी के नए नाम KANTA BEN CHOUHAN तथा धर्मपत्नी KIRTI CHOUHAN के नए नाम से जाना व पहचाना जावे।

HANSRAJ CHOUHAN
पता : ब्लॉक नंबर- 35, हाउस नं. एलआईजी 485 कौरिनभाठा, वार्ड नं. 45, हाउसिंग बोर्ड, दिनदयाल कॉलोनी राजनांदगांव
मो. 98274-09770









**आवश्यकता है**
ड्राइवर और वर्कर की.
ओम पेयजल, राजनांदगांव में काम करने हेतु
कार्य स्थानः राजनांदगांव
जल्दी संपर्क करें...
8103758669, 7999161135


**शुभांक**

अनुमानित
बी. के.
1-4-7
567-8 126-9
राजधानी
3-6-0
890-7 450-9

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**न्यायालय तहसीलदार अं.चौकी जिला - मोहला, मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202605300600021
वर्ष 2025-26
विषय - ब-121 (विविध सामान्य राजस्व मामले) दादा हयात कलन्दरे खान आ. उमर खान, निवासी-बांधाबाजार, तह.-अं.चौकी जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दादा हयात कलन्दरे खान आ. उमर खान जाति मुसलमान निवासी ग्राम बांधाबाजार, तह.-अं.चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी द्वारा चालान की प्रति एवं बी-1 वन की छायाप्रति संलग्न कर अपनी बहन परवीन कुरैशी का जन्म दिनांक 01/01/1982 को ग्राम बांधाबाजार में हुआ है। आवेदक द्वारा अपनी बहन परवीन कुरैशी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 22/05/2026 के पूर्व इस न्यायालय में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात दावा/आपत्ति पेश किये जाने पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/05/2026 को जारी किया गया।
तहसीलदार अंबागढ़ चौकी

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक गुलाब सिंह निषाद पिता-चिंताराम निषाद जाति-केवंट निवासी ग्राम-आतरगांव मकान नं. 70 वार्ड, नं. 05, तह.-अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर टिवंकल (Tivnkal Nishad) अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर ट्विंकल निषाद (Twinkle Nishad) अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में टिवंकल (Tivnkal Nishad) अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर ट्विंकल निषाद (Twinkle Nishad) अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं.चौकी, दिनांकः-18/05/2026

आवेदक
गुलाब सिंह
निवासी ग्राम-आतरगांव
तह.-अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)**
E-mail-eemohla-phe@cg.gov.in

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत ई-रजिस्ट्रेशन की श्रेणी 'डी' एवं उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑफलाईन मेन्युवल निविदाएं जिसमें जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न गाँवों में स्थापित इंडिया मार्क II हैंडपंप की छोटी और बड़ी मरम्मत के काम के लिए केवल मजदूरी (Labour) के पूर्ति की निविदा (जिसमें जरूरत के हिसाब से खराब पूर्जों को बदलना और परिवहन आदि शामिल है, जो मंजूर किए गए निर्देशों के अनुसार होगा, इसमें हैंडपंप टेक्नीशियन की मुफ्त सेवाएँ भी शामिल हैं) (मरम्मत कार्य हेतु सामग्री विभाग द्वारा प्रदाय की जाएगी) हेतु मुहरबंद निविदा प्रपत्र 'अ' में दिनांक 13.05.2026 को आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | विकासखण्ड | निविदा की लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | 01 | अं. चौकी | 4.99 |
| 02 | 02 | मोहला | 4.98 |
| 03 | 03 | मानपुर | 4.72 |

उपरोक्त कार्य के निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 03.06.2026 है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्तें, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी- 262700793/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

# घुमका में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, अध्यक्ष सहित सभी 15 वार्ड प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

राजनांदगांव (दावा)। घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने आज अभूतपूर्व शक्ति प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष पद प्रत्याशी फूलमती वर्मा सहित सभी 15 वार्डों के अधिकृत प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल कराया। पूरे नगर में कांग्रेस की नामांकन रैली जनसमर्थन, उत्साह और संगठनात्मक मजबूती का केंद्र बनी रही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला एवं पूर्व ज़िला अध्यक्ष नवाज खान, पदम् कोठारी, भागवत साहू, श्रीकिशन खंडेलवाल ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इसके पश्चात कार्यालय से कांग्रेस पार्टी की विशाल नामांकन रैली निकाली गई, जिसमें पार्टी के झंडे, गगनभेदी नारे, ढोल-नगाड़े और बाजे-गाजे के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजनता का उत्साह देखते ही बन रहा था।

रैली नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए गांधी प्रतिमा स्थल पहुंची। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह कांग्रेस प्रत्याशियों का स्वागत कर समर्थन व्यक्त किया। वार्ड भ्रमण के दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने महिलाओं को कांग्रेस पार्टी के प्रतीक चिन्ह वाले गमछे भेंट करते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की महिलाओ ने भी विधायिका को प्रेम और विश्वास के साथ कांग्रेस पार्टी के विजयश्री का आशीर्वाद दिया। अध्यक्ष पद प्रत्याशी फूलमती वर्मा एवं सभी वार्ड प्रत्याशियों ने कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष विपिन यादव एवं कार्यकर्ताओं के साथ रैली मार्ग पर आमजनता से संपर्क कर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की तथा नगर के विकास, पारदर्शिता एवं जनभागीदारी आधारित नगर सरकार बनाने का संकल्प दोहराया। गांधी प्रतिमा स्थल पहुंचने पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राममूरत वर्मा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।





**○ जनसमर्थन, उत्साह और संगठनात्मक ताकत के बीच कांग्रेस की ऐतिहासिक नामांकन रैली**
**○ भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने फूंका चुनावी बिगुल**

सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, यशोदा वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व ज़िला अध्यक्ष नवाज खान, पूर्व महापौर नीता लोधी एवं अध्यक्ष पद प्रत्याशी फूलमती वर्मा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, गैस-पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि तथा जनसमस्याओं से आम जनता त्रस्त है। भाजपा की नीतियों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, जबकि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि घुमका नगर पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का चुनाव नहीं, बल्कि नगर के भविष्य, विकास और जनविश्वास को मजबूत करने का अवसर है। कांग्रेस पार्टी नगर के सर्वांगीण विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, पारदर्शी प्रशासन एवं जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। सभा का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राहुल तिवारी द्वारा किया गया। सभा समापन के पश्चात विशाल रैली तहसील कार्यालय पहुंची, जहां अध्यक्ष पद प्रत्याशी सहित सभी 15 वार्डों के कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। सभी प्रत्याशियों के नामांकन संबंधी महत्वपूर्ण कार्य प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे एवं ज़िला महामंत्री चंद्रेश वर्मा के दिशानिर्देशन में व्यवस्थित रूप से पूर्ण कराए गए।

नामांकन रैली में विधायकगण, ज़िलाध्यक्ष विपिन यादव, शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई एवं थानेश्वर पाटिला, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, जिला प्रवक्ता अनीस खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया, वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, श्रीकिशन खंडेलवाल, ज़िला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, विभा साहू, पूर्व महापौर नीता लोधी, हेमा देशमुख, सुदेश देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष भागवत साहू, पदम् कोठारी, कमलजीत पिंटू, चित्रलेखा वर्मा,अशोक फड़नविस, पंकज बांधव, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, सूर्यकांत जैन, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, हेमू सोनी, अंगेश्वर देशमुख, प्रदीप शर्मा, गुलाब वर्मा, अमित अग्रवाल, चंद्रेश वर्मा, राममुरत वर्मा, शिशुपाल भारती, चुम्मन साहू, दुर्गेश द्विवेदी, विष्णु लोधी, प्रदीप पटेल, बबलू कसार, डॉ. कुमार, नासीर जिंदारन, राजभान लोधी, रतन यादव, लोधी, मतीन खान, जितेंद्र सिंह भटिया, मुरली वर्मा, फरमान अली, लोकनाथ भारती, दयावान, सूरज शर्मा, केशव पटेल, करीम भाई, खोमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार के माध्यम से ग्राम स्तर पर समस्याओं का निराकरण करें सुनिश्चित : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज विधानसभा निवास कार्यालय रायपुर से सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत खुटेरी जनसमस्या निवारण शिविर में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में 1 मई से सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य गांव स्तर तक पहुंचकर जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा रखी गई मांगों पर ग्राम में सीसी रोड निर्माण के लिए 15 लाख रूपए तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मैदान समतलीकरण के लिए 5 लाख रूपए की स्वीकृति की घोषणा की। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय नई दिल्ली से शिविर में वीडियों कॉफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं संसाधनों के सदुपयोग तथा आवश्यक ईंधन का कम से कम उपयोग करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुशासन तिहार के शिविरों से जुड़कर ग्रामीणों से संवाद कर रहे हैं। सुशासन तिहार का महत्वपूर्ण उद्देश्य ग्राम स्तर पर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करना है। राजस्व विभाग के माध्यम से नामांतरण, अविभाजित खाता, सीमांकन, डायर्वसन, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्व-सहायता समूहों तथा रोजगारमूलक योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आज रायपुर प्रवास के दौरान जिले के 12 थानों के लिए 112 आपातकालीन सेवा के 12 नए वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही लगभग 65 लाख रूपए लागत का अत्याधुनिक फॉरेंसिक वाहन भी जिले को मिला है। जिससे घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्रित करने में मदद मिलेगी और अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि धमधा-गैंदपुर 220 केवी विद्युत लाइन को नेशनल ग्रिड से जोड़े जाने से राजनांदगांव, कवर्धा, बेमेतरा, बलौदाबाजार एवं भाटापारा क्षेत्र को दोहरी विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इससे विद्युत गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।



**○ विधानसभा अध्यक्ष ने ग्राम खुटेरी में सीसी रोड निर्माण के लिए 15 लाख रूपए तथा मैदान समतलीकरण के लिए 5 लाख रूपए की घोषणा की**
**○ जिले के 12 थानों के लिए 112 आपातकालीन सेवा के 12 नए वाहन उपलब्ध**
**○ जिले को लगभग 65 लाख रूपए लागत का अत्याधुनिक फॉरेंसिक वाहन मिली**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि खुटेरी क्लस्टर की 11 पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024 से 2026 अंतर्गत 999 आवास स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें 624 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा 375 आवासों में से 332 आवास प्रगतिरत हैं। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने खुटेरी ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक भवन, कबीर कुटीर, मैदान समतलीकरण, मिनी स्टेडियम, साइकिल स्टैंड एवं सीसी रोड जैसे कार्य कराए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा चांदो नहर शिवनाथ डायवर्सन लाइनिंग कार्य 114 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत से किया जा रहा है। जिससे 34 ग्राम पंचायतों को लाभ मिलेगा, जिनमें 20 पंचायते राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र की हैं। उन्होंने कहा कि मोखला-जंगलेश्वर एनीकट निर्माण के लिए 4 करोड़ 69 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। जिससे कटाव रोकने एवं जल संरक्षण में मदद मिलेगी। वहीं सोमनी से खुटेरी तक 68 करोड़ रूपए की लागत से सर्विस लेन निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से जानकारी ली। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि खुटेरी क्लस्टर की 11 पंचायतों में अविभाजित नामांतरण के 43 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया गया। अविभाजित खाता के 13, सीमांकन के 27 तथा त्रुटि सुधार के 18 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण किया गया है। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से पेयजल व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि खुटेरी क्लस्टर में वर्तमान में पेयजल की कोई समस्या नहीं है तथा धीरी मल्टी विलेज योजना के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिवनाथ डायवर्सन नहर लाइनिंग कार्य तेजी से प्रगति पर है। बारिश पूर्व लाइनिंग कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे आगामी सिंचाई सत्र में किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने सोमनी-खुटेरी सर्विस लेन निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने लखपति दीदी एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि रेडी-टू-ईट, मसाला एवं पापड़ निर्माण जैसे कार्यों से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इन उत्पादों को प्रदेश स्तर तक पहुंचाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम है तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति, स्व-सहायता समूहों एवं लखपति दीदी योजना महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। सांसद पाण्डेय ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविरों के माध्यम से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, पेयजल सहित विभिन्न समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल रही है। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत खुटेरी श्रीमती उम्मी साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, राजेन्द्र गोलछा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सुरूचि सिंह, एसडीएम गौतम पाटिल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### -: सुशासन तिहार-2026 :-

## कमला कॉलेज में आयोजित शिविर में आए 96 आवेदन, आयुक्त ने दिलाई नशामुक्ति व स्वच्छता की शपथ



राजनांदगांव (दावा)। जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत निकाय क्षेत्र में जन समस्या निवारण के लिए वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है। आज कमला कालेज मैदान में वार्ड नं. 22, 44 एवं 45 के लिए शिविर आयोजित किए गए। शिविर में निगम सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जहां नागरिकों की शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन लिया गया। शिविर में कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मांग के 74 तथा शिकायत के 22 आवेदन आए।

**20 मई को पेंड्री स्कूल मैदान में वार्ड नं. 20 के लिए लगेगा शिविर**

कमला कालेज मैदान मे आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित संबंधित वार्ड के पार्षद सेवक उईके व डुरेन्द्र साहू, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा व हेमंत शेखर यादव, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुरंजेकर व राजेश यादव विशेष रूप से उपस्थित होकर वार्डवासियों को अपनी शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन जमा कर शासन की योजनाओ का लाभ लेने अपील किए। अतिथियों ने विभागीय स्टाल का निरीक्षण कर जानकारी लिए एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 8 गर्भवती महिलाओ की गोदभराई कराई गयी तथा परिवाहन विभाग से बने दो व्यक्ति को ड्राईविंग लाईसेंस दिया गया। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने शिविर में सभी विभाग के योजना की जानकारी देते हुए नशा मुक्ति तथा स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है, अभियान का प्रमुख उद्देश्य लोगो को नशा से छुटकारा दिलाना है। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, अभियान का उद्देश्य लोगो के व्यवहार में, जीवन में स्वच्छता लाना है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान बिना जनभागीदारी के संभव नही है, लोग स्वच्छता से जुडेगे तभी हम अपने शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान दिला सकते है। 20 मई बुधवार को रविदास वार्ड नं. 20 के लिए पेन्ड्री स्कूल मैदान में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। आज के शिविर में कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के.रामटेके सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कल जिले की समस्त दवा दुकानें बंद रहेगी

**राजनांदगांव (दावा)।** कल 20 मई को ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आव्हान पर जिले के समस्त दवा व्यवसायी अपनी तीन सूत्रीय मांग को लेकर दुकान बंद रखेंगे। जिलेभर के दवा व्यवसायी 20 मई को जिला मुख्यालय में मोटर सायकल से रैली निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि दवा व्यवसाय एक लंबे समय से ऑनलाइन दवा की बिक्री बंद किए जाने अनुचित तरीके से दवाओं की उपलब्धता पर रोक लगाने एवं नकली दवाइयां से देश को बचाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है। शासन प्रशासन का ध्यान बार-बार दिलाए जाने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाये जाने के कारण दवा व्यवसायियों के राष्ट्रीय स्तर के संघ ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने आखिरकार बंद का निर्णय लिया। ऑल इंडिया संगठन के निर्देश पर दवा व्यवसायियों के छत्तीसगढ़ संगठन ने मातृत्व संस्था के मनसा के अनुरूप केमिस्ट्स बंद की राह पकड़ ली। जिला दवा विक्रेता संघ ने अपने स्तर पर केमिस्ट्स बंद की तैयारी पूर्ण कर ली है। इस संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। साथ ही अनुविभाग स्तर के अधिकारियों को भी अवगत करा दी गई है। केमिस्ट साथी अपने स्तर पर आम जनों को अवगत करा रहे है ताकि लोग जरूरी दवा का इंतजाम पूर्व में ही कर ले।

### मोटर सायकल रैली निकलेगी

जिला दवा विक्रेता संघ ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कल 20 मई को सुबह 9:00 बजे गुरुनानक चौक, उमा मेडिकल के समीप से विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। इस रैली में राजनांदगांव शहर के केमिस्ट साथियों के अलावा डोंगरगांव, अंबागढ़ चौकी, अर्जुनी, कुमर्दा गेंदाटोला क्षेत्र के अलावा खैरागढ़, डोंगरगढ़ क्षेत्र के केमिस्ट साथी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। दवा व्यवसायी रैली को लेकर काफी उत्साहित है। बंद को सफल बनाने के लिए राज्य स्तर के पदाधिकारियों का उचित मार्ग निर्देशन प्राप्त हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में संगठन के पदाधिकारी है। ताकि संघ की मांग शासन-प्रशासन तक उचित तरीके से पहुँच सके।

### अगला कदम राष्ट्रीय आव्हान पर

जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष अतुल जैन एवं सचिव दशरथ शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि, दवा व्यवसायी हमेशा संकट के समय में शासन-प्रशासन के साथ सहयोग करते रहे हैं। कोरोना काल में पूरे देश में विपदा आन पड़ी थी। उस समय दवा व्यवसायियों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर लोगों की सेवा का रास्ता चुना। उस दौर को हम कैसे भूल सकते है। उस वक्त संघ ने छह साथियों को खोया है। हर दिन डर और खौफ का रहा। संघ ऐसी घड़ी में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन एवं साथियों के हौसला अफ्जाई में लगी रही। जिसका नतीजा यह रहा कि दवा व्यवसायी हर व्यक्ति की जान बचाने हेतु खुद को संकट में डालकर सेवा में लगे रहे।

श्री जैन एवं श्री शर्मा ने बताया कि, इस वक्त दवा व्यवसाय संकट के दौर पर गुजर रहा है। लाखों दवा व्यवसायी के समय आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। मांगों के संबंध में शासन स्तर पर कोई ठोस निर्णय नही लिया गया तो ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्टस एंड ड्रगिस्ट्स की आगामी रूपरेखा जैसी होगी। उसी के अनुरूप आंदोलन की रूपरेखा तय होगी।

# लालबाग पुलिस की त्वरित कार्रवाई : जानलेवा हमला करने वाले दो सगे भाई 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार, जेल भेजे गए

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के अटल आवास पेंड्री में हुई मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में तत्परता दिखाते हुए दो मुख्य आरोपियों को घटना के महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया लोहे का धारदार फरसा (टंगिया) भी बरामद कर लिया है। मामले का एक अन्य आरोपी फिलहाल फरार है। जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि इस वारदात में शामिल तीनों आरोपी सहोदर भाई हैं और आदतन अपराधी हैं। इनमें से विजय नेताम और फरार आरोपी जय उर्फ जया नेताम पुलिस रिकॉर्ड में निगरानी बदमाश (हिस्ट्रीशीटर) हैं। गिरफ्तार आरोपियों के नाम दीपक उफ टिकली नेताम (पिता तुलसी नेताम, उम्र 30 वर्ष) और विजय नेताम (पिता तुलसी नेताम उम्र 24 वर्ष) हैं, जो दोनों अटल आवास पेंड्री के निवासी हैं।

### गाली-गलौज कर पूरे परिवार पर किया हमला

थाना प्रभारी के अनुसार प्रार्थी युवराज साहू पिता गिरधारी साहू उम्र 38 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार 17 मई की रात लगभग 8:45 बजे वह अपने पिता को छोड़ने के बाद घर के बाहर मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के तीनों भाई विजय, दीपक और जय नेताम वहां पहुंचे और बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। बेटे को पिटता देख जब उसके बुजुर्ग माता-पिता बीच-बचाव करने आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी बर्बरतापूर्वक मारपीट की। इसी बीच आरोपी विजय नेताम ने अपने पास रखे धारदार फरसे/टंगिया से प्रार्थी के पिता गिरधारी साहू के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। घायल को तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति को देखते हुए शून्य पर मर्ग कायम कर लालबाग थाने में असल अपराध क्रमांक 207/2026, धारा 296, 115(2), 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत जुर्म दर्ज किया गया।



**निगरानी बदमाश विजय और उसका भाई दीपक पकड़ाये, मुख्य आरोपी जय नेताम फरार, सिर पर फरसे से किया था प्राणघातक हमला**

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, डोंगरगांव एसडीओपी श्रीमती मंजुलता बाज तथा नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में लालबाग पुलिस ने तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी दीपक उर्फ टिकली और विजय नेताम को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया और उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त रक्तरंजित हथियार जब्त कर लिया गया।

### फरार हिस्ट्रीशीटर की तलाश जारी, टीम को सराहना

मामले का तीसरा आरोपी जय उर्फ जया नेताम पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा, जिसे दबोचने के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। इस त्वरित और सफल कार्रवाई में लालबाग थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल, एएसआई ईश्वर यादव, अश्वनी यदु, आरक्षक मुकेश सोनवानी, बर्मा प्रसाद घृतलहरे, लेखराम वर्मा, राकेश धुर्वे सहित कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मिलन सिंह और सायबर थाना प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार व उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। वरिष्ठ अधिकारियों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए टीम की सराहना की है।

# सहकार से समृद्धि छत्तीसगढ़ में खुशहाली का नया मार्ग

**धनंजय राठौर (संयुक्त संचालक)**

**अशोक कुमार चंद्रवंशी (सहायक जनसंपर्क अधिकारी)**




रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो अब 'सहकार से समृद्धि' के विजन के साथ विकास के एक नए और आधुनिक ढांचे में बदल रहा है। विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व में सहकारी समितियों को मजबूत कर ग्रामीण विकास और किसान सशक्तिकरण को नई गति दी जा रही है। एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना। सहकारिता के इस शाश्वत मंत्र को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि विजन ने आज भारत के ग्रामीण और शहरी परिदृश्य में एक नई क्रांति का आधार बना दिया है। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में यह संकल्प आज एक आर्थिक संबल बनकर उभर रहा है। यह मात्र एक व्यवस्था नहीं, बल्कि अंत्योदय की वह भावना है जहाँ समाज का अंतिम व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहा है।

### सहकारिता विकास का आधुनिक ढांचा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ ने सहकारिता के दायरे को केवल कृषि तक सीमित न रखकर इसे व्यापार और सेवा क्षेत्र का प्रमुख स्तंभ बना दिया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की संकल्पनाओं को धरातल पर उतारते हुए राज्य के सहकारी ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार किया गया है।

### समृद्धि के प्रमुख आधार क्रांतिकारी कदम

सहकारिता के माध्यम से खुशहाली सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित प्रयास किए जा रहे हैं। 515 नवीन पैक्स का गठन सहकारी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य में 515 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का गठन किया गया है। अब राज्य में कुल पैक्स समितियों की संख्या 2 हजार 573 हो गई है। ये समितियाँ अब केवल ऋण वितरण नहीं, बल्कि बहुउद्देश्यीय केंद्रों के रूप में कार्य कर रही हैं।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा

इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को खाद-बीज के साथ-साथ जन औषधि केंद्र, उर्वरक वितरण और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) जैसी सुविधाएं सीधे उनके गांव में मिल रही हैं। विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत किसान अब अपनी उपज का स्थानीय स्तर पर सुरक्षित भंडारण कर सकेंगे। इससे उन्हें फसल को कम दामों पर बेचने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। महिला और युवा सशक्तिकरण को बढावा देने दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में सहकारी समितियों के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि की जा रही है।

### तकनीक, पारदर्शिता और सुशासन

सहकारिता में स्व से ऊपर सर्व के कल्याण की भावना निहित है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस क्षेत्र में डिजिटलीकरण पर विशेष जोर दिया है। समितियों के कंप्यूटरीकरण से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और हर लेनदेन पारदर्शी हुआ है। ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से स्थानीय सहकारी उत्पादों को अब राष्ट्रीय और वैश्विक मंच प्राप्त हो रहा है।

### विकसित छत्तीसगढ़ - विकसित भारत

सहकार से समृद्धि केवल एक नारा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला एक जीवंत अभियान है। जब हमारे गांव के पैक्स केंद्र सशक्त होंगे, तभी राष्ट्र समृद्ध होगा। जुड़िए सहकारिता से, बढ़िए समृद्धि की ओर की पहल के साथ छत्तीसगढ़ आज विकास के ऐसे मॉडल की ओर अग्रसर है, जहाँ सामूहिक सहयोग ही प्रत्येक व्यक्ति की प्रगति का आधार है।

छत्तीसगढ़ में सहकारिता केवल ऋण वितरण का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी ग्रामीण आत्मनिर्भरता का आधार है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को आत्मसात करते हुए हमारी सरकार प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने सहकारी समितियों (पैक्स) को बहुउद्देश्यीय केंद्रों के रूप में विकसित किया है, ताकि किसान और ग्रामीण महिलाओं को उनके गांव के समीप ही खाद-बीज के साथ-साथ बैंकिंग, स्वास्थ्य और तकनीकी सुविधाएँ मिल सकें। जब हमारा गांव और वहां का सहकारी तंत्र मजबूत होगा, तभी हम 'विकसित छत्तीसगढ़' और 'विकसित भारत' के स्वप्न को साकार कर पाएंगे।

*- विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़*

## अनमोल दावा

**तरक्कियों की दौड़ में उसी का जोर चल गया। बना के रास्ता जो भीड़ से निकल गया।**

## सम्पादकीय

# युद्ध की भारी असर से देश के अर्थतंत्र को भारी झटका

2026 का साल भारत तथा समुद्र पार स्थित स्थित विभिन्न बाजारों के लिए व्यापक रूप से चढ़ाव - उतार लिए देखने में आ रहा है। ईरान तथा अमेरिका के बीच युद्ध शुरु हुआ, उसके पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सख्त टेरिए की नीति तथा क्रमशः टेरिए बाबत ट्रम्प के द्वारा किए निर्णय तथा बदलते विभिन्न बयानों की असर बाजारों पर दिखाई दे रही थी। उसके बाद अमेरिका तथा ईरान-इजराइल के बीच युद्ध शुरू होते ही देश-विदेश के बाजारों में विभिन्न बाजारों के लिए खिलाड़ियों में हताशा ने जन्म ले लिया है। ट्रम्प की टेरिफ बाबत समय-समय पर बदलती नीतियों ने वैश्विक बाजारों में क्रूड तेल की कीमतें कम-ज्यादा होती गई। उसके बाद युद्ध शुरू होते ही युद्ध के माहौल में क्रूडतेल की कीमत चौंकाते हुवे तेजी से उछलती गई। हाल ही बैरल की ऊंची दर 120 से 121 डालर तक ट्रेड तक पहुंच गए थे। युद्ध के माहौल में वैश्विक जहाजों के रूट में अतिमहत्वपूर्ण स्ट्रैट आफ हार्मुज के मार्ग पर अवरोध आने से क्रूड तेल की हेराफेरी तथा वैश्विक प्रदाय पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

ईरान तथा अमेरिका के बीच हाल ही में युद्ध विराम की बातचीत शुरू होते हो क्रूड तेल की कीमत बढ़ी फिर एक समय कम हुई और और 100 डालर के नीचे पहुंच गई थी। यद्यपि, युद्ध शांति की मंत्रणा योग्य दिशा में आगे नहीं बढ़ी और क्रूड तेल की कीमत उछल कर 108 डालर के ऊपर दिखाई दिए। क्रूड तेल की कीमत बढ़ने के नक्शेकदम पर विश्व के विभिन्न देशों के अर्थतंत्र को भारी झटका लगा है। हमारे देश का रुपया डालर के सामने टूटने से सरकार ने इसे बचाने तथा हुडियों के अनामतों को संभालने विभिन्न कदम उठाए हैं। मोदी सरकार ने हाल ही सोना, चांदी तथा प्लेटीनए की आयात ड्यूटी को बढ़ाकर इस दिशा में पहल की है।

भारत की करैन्सी बाजारों में रुपए के सामने डालर की कीमत हाल ही उछलकर 96 रुपए के नजदीक पहुँच गए हैं। इस दौरान, ईरान तथा अमेरिका व इजराईल के बीच युद्ध के माहौल में अरब देशों पर भी इसका असर हुआ है। यूनाईटेड अरब अमिरात के देशों ने हाल ही ओपेक संगठन से नाता तोड़ दिया। जिसके कारण, वैश्विक बाजार में भारी हंगामा जानने को मिला है। इस दौरान, अमेरिका की सरकार ने देशों में क्रूड तेल के व्यूहात्मक स्टाक में लगभग 533 लाख बैरल के क्रूड को एनर्जी कम्पनियों के लिए खुला करने के भी समाचार प्राप्त हुवे थे। अमेरिका में मंहगाई दर बढ़ी है। वहीं अब ब्याज की दर में कमी होने के बदले बढ़ने की भी चर्चा होने लगी थी।

भारत में ऊर्जा-फ्यूल बचाने "वर्क फ्राम होम" की अपील सरकार ने की है। इस दौरान, जून से क्रूड का उत्पादन बढ़ाने का निर्णय हाल ही में ओपेक संगठन के द्वारा लिया गया था। क्रूड की कीमत बढ़ने से भारत में आयात बिल तथा व्यापार का पुल बढ़ने की संभावना के बीच रुपया बैंक फुट पर चला गया है। देश का आर्थिक पक्ष इन सब हालातों के मददेनजर सोचनीय व आत्ममंथन करने की दिशा को दर्शाता है।



## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 431 श्रीराम की घोषणा उनकी आवश्यकता दंडक वन में अधिक



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

महाराज जनक ने किसी निर्णय पर पहुंचने का कार्य श्रीराम को ही सौंप दिया। वास्तव में श्रीराम को किसी निर्णय पर पहुंचने की आवश्यकता ही नहीं थी। क्योंकि उन्होंने अयोध्या से प्रस्थान के समय ही यह निर्णय कर लिया था कि पिता महाराज की इच्छा के विपरीत छोटी माता के वचन मांग की पूर्ति के लिए उन्हें अपने भाग के वचन का पालन करना ही है। प्रस्थान के समय भी उन्हें अयोध्या में ही रोकने का प्रयत्न हुआ था, लेकिन उन्होंने इसे विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया था।

आज स्थिति दूसरी है। क्योंकि आज श्रीराम केवल अपने लिए निर्णय नहीं कर रहे हैं। बल्कि अयोध्या के समस्त राज समाज, धर्म समाज और अपने स्वर्गवासी पूज्य पिता के वचन के परिप्रेक्ष्य में एक विशेष निर्णय की घोषणा करने जा रहे हैं। धर्माध्यक्ष की आसंदी से कोई निर्णय कर पाना होता ही कठिन है। श्रीराम के समक्ष धर्म संकट और बढ़ गया। उनके समक्ष अनुज भरत का प्रेम है। माताओं की ममता है। महाराज जनक का वात्सल्य है। गुरु वसिष्ठ के ज्ञान की कसौटी है। अयोध्या के प्रजाजन के लिए न्याय है। कुमार राम ने अपने पूज्य पिता को वचन दिया हुआ है कि वे सदैव सत्य, धर्म और न्याय के पथ पर चलेंगे।

स्वयं श्रीराम के रूप में सभी की आकांक्षाओं का समन्वय दिखाई देता है। वे गृहस्थ हैं, लेकिन 14 वर्षों के लिए वनवास पर हैं और अभी उन्होंने तपस्वियों का वेश धारण किया हुआ है। उनके सिर पर जटा, शरीर में वस्त्र के रूप में वल्कल। लेकिन वे महायोद्धा भी हैं। क्योंकि जिस आसंदी पर वे बैठे हैं। उसी से टिका हुआ उनका धनुष भी रखा हुआ है। पर्णकुटी के सामने भाग में इसकी भित्ति से दो खड्ग भी लटक रहे हैं। ये वन्य पशुओं या शत्रुओं से अकस्मात आक्रमण से रक्षा के लिए इस सुविधाजनक स्थान में रखे हुए हैं और संभवतः रात्रि के समय इन्हें पर्णकुटी के भीतर रखा जाता होगा। वे राजपुत्र हैं। अयोध्या के राज सिंहासन के स्वाभाविक उत्तराधिकारी। लेकिन वे अभी एक सामान्य प्रजाजन के रूप में वन की खाक छान रहे हैं।



श्रीराम ने अपनी दृढ़ मृदु वाणी में सभा को संबोधित करना प्रारंभ किया। मैं पिता महाराज के वचन के पालन के लिए वनवास पर हूं, लेकिन मेरे लिए गुरुदेव, धर्म पिता महाराज जनक और माताओं का आदेश भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अभी मेरी आवश्यकता अयोध्या में नहीं वन में है। क्योंकि अयोध्या का नेतृत्व भरत के सक्षम स्कंधों पर रहेगा। अयोध्या में गुरु वसिष्ठ का मार्गदर्शन भी पूर्ववत उपलब्ध रहेगा। छोटी माता और पिता महाराज ने मुझे दंडित करने के लिए नहीं बल्कि किसी महान उद्देश्य के लिए वनवास भेजने का निश्चय किया था। दंडक वन में घोर अशांति की स्थिति को देखते हुए मेरा लंबे समय तक वन क्षेत्र में ही रहना सर्वथा उचित होगा और यही मेरा विनम्र निवेदन है। अतः यह सभा कृपया इसे स्वीकार करे और मुझे आशीर्वाद प्रदान करे।

*(भगवान श्रीराम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्रीराम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ-साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पना दृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)*

## सामयिक चर्चा

# राहुल की अन्तवेदना

अखबार हाथ में लेकर
बानी बोले - "गजाधर!
आज चर्चा प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदीजी पर -
सुनिए- पीएम मोदी हैं इस वक्त
यूरोप के चार देशों के दौरे पर।
इस दौर के दूसरे पड़ाव पर
वे रविवार यानी 17 मई को पहुंचे
स्वीडन के गोथेनबर्ग शहर
उनका वहां बड़े धूमधाम से
स्वागत किया गया।
स्वीडन द्वारा उन्हें अपने देश का
सबसे बड़ा सम्मान
'रायल आर्डर आफ द पोलर स्टार' दिया गया
मालूम गजाधर! हमारे प्रधानमंत्री
मोदीजी को यह मिला है
इकतीसवां वैश्विक पुरस्कार।
तो आज इस प्रतिक्रिया यार!"
गजाधर मुस्कराए, बोले -
"हम तो बानी! ऐसे अवसर पर
यही सोचने लगते हैं
कि बात-बात पर, मोदीजी पर,
लांछन लगाने वाले राहुल गांधी को
कैसा क्या लगता होगा?
वे मन ही मन क्या कहते हैं?"



(सोमवार 18 मई 2026) *- गिरीश बख्शी*

## शब्द सामर्थ्य -042

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 041 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## सू- दोकू क्र.042

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.041 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## संवेदना

पुराना मैला कंबल ओढ़े बस की एक खाली सीट पर बैठी बूढ़ी भिखारन को देख, बस कंडक्टर का पारा सातवें आसमान पर चढ़ने लगा। तू फिर आ गई! अभी बोहनी भी नहीं हुई है और सीट जमा कर बैठ गई। किराया कौन तेरा बाप देगा? भिखारन कहीं की! सबेरे-सबेरे तेरा मुँह देखना पड़ता है। कंडक्टर गाली देते हुए तिरछी नजर से देखने लगा। थोड़ी देर बाद कुछ महिलाएं बस में चढ़ने लगीं। सीट खाली न होने के कारण खड़ा रहना पड़ा। कंडक्टर ने बूढ़ी भिखारन के दोनों हाथ पकड़ सीट से उतारना चाहा लेकिन भिखारन जम कर बैठ गई और बोलने लगी- 'ए मोर बस है।' चुप कर पगली! मुँह बंद कर देख तेरी वजह से महिलाएं खड़ी हैं, शर्म नहीं आती तुझे, बिल्कुल भी दिमाग नहीं है। ड्राइवर के साथ-साथ सारे यात्री उसके बारे में अनर्गल बातें करने लगे। बिचारी बूढ़ी औरत चुपचाप आँखें बंद कर बैठ गई। बस की सारी सीटें भर चुकी थी।

कहीं दूर.....बस, एक गर्भवती महिला के पास जा कर रुकी। महिला अंदर आई। चेहरे से थोड़ी बीमार लग रही थी। उसने अपनी नज़र बस के हर एक कोने में घुमाई और मायूस हो कर पीछे खड़ी हो गई। भीड़ बहुत थी लेकिन उस गर्भवती महिला को सीट देने के लिए कोई तैयार नहीं था। बिचारी बोलने लगी थोड़ी सी जगह दे दो बैठने के लिए मेरी तबीयत ठीक नहीं है, लेकिन हर एक की जुबान एक ही बात कह रही थी। हम भी पैसा दिए हैं, मुफ्त में थोड़ी न चढ़े हैं बस में, हम क्यों अपनी सीट दें। तभी उस बूढ़ी भिखारन की नजर गर्भवती महिला पर पड़ी। कुछ बड़बड़ाती हुई उस महिला का हाथ पकड़ कर अपनी सीट पर बिठाई और अनजान स्टेशन में उतर गई। लोग आश्चर्य से बूढ़ी भिखारन को देखने लगे। वहीं बाकी लोगों की मानवता धूल-धूसरित होते हुए नजर आ रही थी।



**प्रिया देवांगन "प्रियू"**
**राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

## राशिफल



**मेष**
आज का दिन आपके लिए बेहद खास पल लेकर आया है। भाई और माता से सहयोग मिलेगा, आपका पराक्रम बढ़ेगा। सहकर्मियों के सहयोग से कार्य को निर्धारित समय में संपन्न करेंगे। खान पान का उचित ध्यान रखें। इस राशि की महिलाओं को आज शॉपिंग में अच्छा डिस्काउंट मिल सकता है। आज आप अपने घर की साफ सफाई में व्यस्त रहेंगे। जमीन जायदाद संबंधी मामले आपके पक्ष में रहेंगे। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप उल्लास और कुछ बेहतरीन कर गुजरने के मूड में रहेंगे।



**वृष राशि**
आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। घर की सफाई अथवा नवीनीकरण के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आप अपनी कार्यक्षमता को दूसरों के आगे साबित कर पाने में सफल होंगे। पिता व गुरुजनों से सम्मान प्राप्त होगा। व्यापारिक वर्ग की निराशा आशा में परिवर्तित होगी, नये-नये प्रोजेक्ट मिलेंगे। आज विदेश में रह रहे आपके दोस्त आपको वहां आने का निमंत्रण दे सकते हैं या फिर काम के सिलसिले में भी आपको वहां बुलाया जा सकता है। लवमेट से आज उपहार मिलेगा, एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे।



**मिथुन**
आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। आपके लिए आय के नए द्वार खुलने की संभावना है। छात्रों को शिक्षा में आश्चर्यजनक परिणाम मिल सकते हैं। आपके घर में सुख शांति का माहौल बनेगा। आपकी आध्यात्मिक और धार्मिक मामलों में रुचि बढ़ेगी। किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए कार्य बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। जमीन संबंधी कार्य में पैसा लगाने से फायदा मिल सकता है। कामकाज में भी उत्साह बने रहने के संकेत हैं। व्यावहारिक ज्ञान का स्तर उच्च रहेगा।



**कर्क**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग बनेंगे। किसी समस्या को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर विचार विमर्श करेंगे। हर काम समय पर पूर्ण होने से आनंद का अनुभव होगा। धन की कमी दूर होने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। जो मल्टीनेशनल कंपनी में जुड़े हैं ऐसे जातकों के लिए आज का दिन प्रगति कारक दिखाई दे रहा है। आप किसी नए कार्य की योजना बनायेंगे। जिससे अधिक धन लाभ मिल सकता है। नवविवाहित दंपत्ति आज किसी धार्मिक स्थल पर जायेंगे। छात्रों के लिये आज का दिन ठीक है।



**सिंह**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका मन कुछ उलझन में रहेगा, लेकिन जीवनसाथी के साथ बातों को शेयर करने से सब ठीक हो जायेगा। आज जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय ना लें, इसके बारे में अच्छी तरह से सोच लें। दोस्ती के रिश्तों में और प्रगाढ़ता आएगी। आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे, जिससे रुके हुये कार्यों को पूरा करने में भी सफल होंगे। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति और बेहतर बनेगी। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा।



**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मिला जुला अनुभव देने वाला रहेगा। सकारात्मक सोच व संतुलित दृष्टिकोण से आप असंभव कार्यों को भी संभव कर पाएंगे। विद्यार्थियों को मनचाही सफलता पाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। सफलता के योग भी बने हुये हैं। कारोबार और करियर सम्बन्धी समस्याओं का निवारण हो जायेगा। कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है। फैशन डिजाइनिंग में रुचि रखने वाले जातकों को बढ़िया ऑर्डर मिलने से खुशी होगी।



**तुला**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। ऑफिस में कुछ कार्यों की जिम्मेदारी आपको दी जायेगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। खान पान की तरफ भी आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आप जितनी मेहनत करेंगे, आपको उतना ही लाभ मिलेगा। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। शिक्षकों से बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आयेगी। घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं, उनके लिए अनुकूल समय है। आज किसी काम को लेकर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ऑफिस में आपकी पर्सनालिटी की तारीफ होगी। आज आपको जो भी बेहतर परिणाम हासिल होंगे, उसमें आपकी योग्यता और दूर दृष्टि की प्रमुख भूमिका होगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जायेंगे, रिश्ते में मधुरता आयेगी। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।



**धनु**
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा। आपका पूरा ध्यान अपने महत्वपूर्ण कामों पर रहेगा। कई तरह की जिम्मेदारी वाले काम आपके सामने रहेंगे। आज अचानक ही कुछ खास काम करने की योजनाएं आपके दिमाग में आ सकती हैं। आज स्टूडेंट्स मैथ्स के विषय में अपने भाई की मदद ले सकते हैं, जिससे उन्हें काफी हेल्प मिलेगी। लवमेट आज कहीं घूमने जायेंगे, साथ में डिनर करने का प्लान बना सकते हैं।



**मकर**
आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी रुके हुये काम को पूरा करने में किस्मत का साथ मिलेगा। आज आपको अपने गुण और काम की वजह से सम्मानित किया जायेगा। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। आज जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरा करने में सक्षम रहेंगे। घर और ऑफिस में शांति महसूस करेंगे। सेहत के मामले में सावधान रहें, किसी भी समस्या को नजर अंदाज न करें। इस राशि के छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता हासिल हो सकती है। नवविवाहित आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझेंगे।



**कुंभ**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्युनिकेशन की क्षमता दूसरों को प्रभावित करेगी, जिससे आपको फायदा होगा। नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। बिजनेस में अचानक फायदा होगा और अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज आप ऑनलाइन कुछ ऑर्डर कर सकते हैं। वेब डिजाइनर्स के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट का काम कर रहे लोगों के लिये आज का दिन अच्छा है, रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। आपको हर कोशिश में अपने जीवनसाथी का साथ मिलेगा।



**मीन**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे, लोग भी आपकी सहायता करने के लिये तत्पर रहेंगे। सरकार अथवा उच्च अधिकारियों से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। आज आपका मनोबल बढ़ा रहेगा, जिससे आप अपने लक्ष्य को जल्द हासिल कर पाएंगे। नए कार्यों से लाभ मिलने में थोड़ा टाइम लग सकता है, लेकिन अच्छा लाभ मिलेगा। सेहत सम्बन्धी परेशानियां आज खत्म हो जाएंगी। आज परिवार संग किसी धार्मिक कार्य में मन लगायेंगे।

# चुनावी शंखनाद : घुमका नगर पंचायत चुनाव में भव्य नामांकन रैली के साथ भाजपा ने झोंकी ताकत







**○ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह बोले- घुमका में लिखा जाएगा विकास का नया अध्याय, साय सरकार में 8 करोड़ के काम जारी**
**○ अध्यक्ष प्रत्याशी किरण वर्मा सहित सभी 15 वार्ड पार्षदों ने लाव-लश्कर के साथ किया शक्ति प्रदर्शन, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा**

घुमका (दावा)। आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने घुमका नगर पंचायत चुनाव के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी की ओर से अध्यक्ष पद की उम्मीदवार श्रीमती किरण वर्मा सहित सभी 15 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में एक भव्य और विशाल नामांकन रैली निकाली गई। भीषण गर्मी के बावजूद रैली में उमड़े जनसैलाब और कार्यकर्ताओं के उत्साह ने चुनावी माहौल को पूरी तरह गरमा दिया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सुबह 11 बजे से शुरू हुई भाजपा की यह हुंकार रैली नगर के विभिन्न वार्डों, अवंती चौक, आजाद चौक, बाजार चौक और बस स्टैंड होते हुए वापस मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां एक विशाल कार्यकर्ता सभा का आयोजन किया गया।

### कांग्रेस विधायक ने कुछ नहीं किया, भाजपा ला रही विकास की बाढ़ : अभिषेक सिंह

सभा को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा घुमका को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पूर्व सांसद ने स्थानीय स्तर पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक ने कभी कोई विकास कार्य नहीं किया। इसके विपरीत, प्रदेश में जैसे ही भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार आई, घुमका के वार्डों में 8 करोड़ रुपए के विकास कार्य तेजी से शुरू हो गए हैं। यह तो सिर्फ एक शुरुआत है। आने वाले समय में बड़ी योजनाओं और विकास कार्यों का आगाज होगा। जिससे घुमका का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। इस दौरान अभिषेक सिंह ने अध्यक्ष प्रत्याशी और सभी 15 पार्षदों का दुशाला व माला पहनाकर अभिनंदन किया।

### ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का संकल्प, गूंजे भारत माता के जयकारे

चुनाव संचालक व पूर्व महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि नामांकन रैली में अध्यक्ष प्रत्याशी के साथ सभी 15 घोषित प्रत्याशी पैदल-पैदल आगे चल रहे थे। डीजे की धुन, ढोल-नगाड़ों और भारी संख्या में मौजूद मातृशक्ति के भारत माता की जय के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। रैली के दौरान प्रत्येक वार्ड में मतदाताओं और स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं तथा पुष्प वर्षा से प्रत्याशियों और वरिष्ठ नेताओं का आत्मीय स्वागत किया। वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं से अपील की कि केंद्र और राज्य के बाद अब नगर पंचायत में भी भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर क्षेत्र के विकास को नई गति दें।

### महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

नामांकन रैली के दौरान नगर भ्रमण करते हुए प्रत्याशियों और नेताओं ने मार्ग में आने वाली वीरांगना शहीद अवंती बाई, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमाओं और स्थानीय मंदिरों में पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया तथा जीत का आशीर्वाद लिया। सभा का सफल संचालन परदेसी राम सोनबोईर ने किया तथा आभार प्रदर्शन नोहेन्द्र सिन्हा ने करते हुए सभी मतदाताओं से कमल फूल के बटन पर मतदान करने का आह्वान किया। इस भव्य नामांकन रैली और चुनावी सभा में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव, चुनाव प्रभारी ललित चंद्राकर, संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा, डोंगरगढ़ प्रभारी जितेंद्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, भरत वर्मा, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, दिनेश गांधी, जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, योगेश दत्त मिश्रा, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, भावेश बैद, डिकेश साहू, राजेंद्र गोलछा, राजेश श्यामकर, तरुण लहरवानी, अरुण शुक्ला, घुमका मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, महामंत्री ललित व जनक साहू, केशव जंघेल, नोहेन्द्र सिन्हा, अजय ठाकुर, बहुर साहू, विनोद बारले, मंडल प्रभारी अमर लालवानी तथा मूलचंद भंसाली सहित भारी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छुईखदान के पेट्रोल पंपों में डीजल पेट्रोल के लिए लंबी कतारे, किसानो और वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी



**सुबह 5 बजे से डिब्बे लेकर लाइन मे लग रहे किसान, खेती किसानी और रोजमर्रा का कामकाज हो रहा प्रभावित**

छुईखदान (दावा)। नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों डीजल और पेट्रोल की कमी से हालात लगातार गंभीर होते जा रहे है। नगर के पेट्रोल पंपों में सुबह तड़के 5 बजे से ही लोगों की लंबी कतारे लग रही है। किसान डिब्बे गैलन और कैन लेकर घंटो लाइन में खड़े होकर डीजल मिलने का इंतजार कर रहे है। डीजल की कमी का सबसे ज्यादा असर खेती किसानी और परिवहन कार्यो पर देखने को मिल रहा है। किसानों का कहना है कि, इस समय खेतों में सिंचाई जुताई एवं अन्य कृषि कार्यो का समय चल रहा है, लेकिन समय पर डीजल नही मिलने से ट्रैक्टर और पंप मशीने बंद पड़ी है। इससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है, ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान रोजाना पेट्रोल पंप पहुंच रहे है, लेकिन बढ़ती भीड़ और अफवाहों के चलते स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिखाई दे रही है।

गुमानपुरा निवासी किसान गणेश वर्मा ने बताया कि, डीजल की कमी के कारण खेती का पूरा काम प्रभावित हो रहा है। खेतों में समय पर कार्य नही होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है वही अमलीडीकला के दिनेश वर्मा ने कहा कि, सुबह से लाइन में लगने के बावजूद कई बार पर्याप्त डीजल नही मिल पाता जिससे पूरा दिन खराब हो जाता है। बुलटोला निवासी करण जंघेल ने बताया कि, डीजल नही मिलने से ट्रैक्टर बंद पड़े है और खेती का काम रुक गया है। झुरानदी क्षेत्र के हीरेन चंदेल ने कहा कि, किसान पहले ही मौसम और लागत से परेशान है। ऊपर से डीजल की कमी ने मुश्किले और बढ़ा दी है। कोहलटोला के डोमेन जंगल ने बताया कि लोग डर के कारण ज्यादा मात्रा में डीजल खरीदकर जमा कर रहे है, जिससे आम किसानों को परेशानी हो रही है, वही टेकापार कला के अनिल वर्मा ने प्रशासन से व्यवस्था सुधारने और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। नगर के पेट्रोल पंपों में लगी लंबी कतारों के कारण वाहन चालको और आम लोगों को भी काफी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। मालवाहक वाहन ट्रैक्टर निजी वाहन और छोटे व्यवसाय से जुड़े लोग लगातार पंपों के चक्कर लगा रहे है, कई लोगों का कामकाज प्रभावित हो रहा है और समय की बर्बादी अलग से हो रही है। इस संबंध में पेट्रोल पंप संचालक मनीष पारख ने बताया कि, पंप में डीजल और पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता है लेकिन अफवाहों और डर के कारण लोग आवश्यकता से अधिक ईंधन खरीदकर घरो मे डंप कर रहे है। इसी वजह से अचानक मांग बढ़ गई है और पंपों में भीड़ की स्थिति बन रही है।

पंप संचालक ने यह भी जानकारी दी कि, ऐसी आपात स्थिति को देखते हुए पंप मे लगभग 2000 लीटर डीजल एवं 1000 लीटर पेट्रोल विशेष रूप से सरकारी एवं अत्यंत आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनो के लिए सुरक्षित रखा जाता है, इसके अंतर्गत एंबुलेंस स्वास्थ्य सेवाएं, पुलिस एवं अन्य जरूरी शासकीय वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर ईंधन उपलब्ध कराया जाता है ताकि आपातकालीन सेवाएं प्रभावित न हो। पंप प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने नागरिकों से अपील की है कि, वे अफवाहों पर ध्यान न दे और आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल-डीजल खरीदे। यदि लोग संयम बरते तो सभी उपभोक्ताओं को समय पर ईंधन उपलब्ध कराया जा सकता है, वही क्षेत्र के किसानों और नागरिकों ने प्रशासन से जल्द स्थिति सामान्य कराने एव नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# मासुलकसा में जलजीवन मिशन के लिए 80 लाख स्वीकृत, लेकिन चार साल बाद भी एक बूंद पानी नहीं

(राजेश मेश्राम)



जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आरित ग्राम पंचायत मासुलकसा में जलजीवन मिशन के तहत ग्राम में पानी की टंकी निर्माण व पाईप बिछाने साथ ही घरों में नल कनेक्शन हेतु शासन द्वारा 80 लाख रूपयों की राशि स्वीकृति सन् 2022 में की गई थी। आज चार साल बीत जाने के बाद भी ग्राम मासुलकसा में ग्रामीणों को इस योजना के तहत पानी की एक बूंद तक नसीब नही हो सका है। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार ठेकेदार द्वारा पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया है पर गांव की गलियों में जो पाईप बिछाया गया है उसकी क्वालिटी इतनी खराब है कि वो कई जगहों पर कट चुका है। ग्रामीणों की माने तो पूरे ग्राम में फिर पाईप लाईन बिछाना होगा तब कहीं ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति हो पायेगी।

### पंचायत द्वारा लेने से इंकार

ग्राम पंचायत ठेकेदार ने इस कृत्य से पूरी तरह खफा है ग्रामीणों की तरह ग्राम पंचायत का भी ठेकेदार का कहना है कि जब पूरी तरह से पाईप से पानी का रिसाव सही हो जायेगा तभी पंचायत तभी पंचायत इसे अपने हेंण्ड ओवर करेगी।

### पानी की घोर किल्लत

ग्राम में नलजल योजना के फ्लॉप हो जाने की वजह से ग्राम में पेयजल हेतु पानी का घोर संकट बरकरार है। ग्राम में गिने चुने चार पांच हेण्डपंप है। जिसमें पीने योग्य पानी आता है शेष अन्य हैण्ड पम्पो में से आयरन की मात्रा अधिक होने की वजह से पानी पीने योग्य नहीं है। ग्राम के पूर्व सरपंच पंचूराम पड़ौति, जिवराखन, तीजूराम कोसमा, कपस्था, बुधारसिंह पुजेरी, सुखराम रावटे, खोरबाहरा राम साहू, रूमनलाल लाटिया, रामप्रसाद तारम, तिलकराम नायक, प्यारेलाल साहू, फगनू पिस्दा, रामबहादुर जावड़े, भगऊराम सहारे, गयाराम, गोवर्धन, गवली आदि ने प्रतिनिधि को बताया कि वो इस हेतु जिलाधीश, एसडीएम को भी कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन समस्या आज भी ज्यों के त्यों बनी हुई है। ग्रामीणों ने जिलाधीश महोदय से मांग की है कि वो मासुलकसा की इस समस्या पर हस्तक्षेप करते हुए दोषियों पर कार्यवाही करें।

# आखिर महाविद्यालय को कब मिलेगा स्थायी अध्यक्ष?

**जनभागीदारी अध्यक्ष की नियुक्ति पर उठने लगे सवाल**

डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित शासकीय बाबा साहेब अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी अध्यक्ष का जिम्मेदारी भरा पद चुने हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों में से किसी को दिया जाना चाहिए। किन्तु सत्तासीन पार्टियाँ मनमानी करते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं को यह पद अस्थायी रूप से दे दिया गया है। जिम्मेदार मंत्री के अनुमोदन से जिला कलेक्टर व्दारा अगस्त 2024 में निकले इस आदेश के बाद कोई भी इसे चुनौती नहीं दे पा रहा है। हालांकि गलत तरीके से हुए इस नियुक्ति के खिलाफ रोष है, किन्तु कोई सामने विरोध दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। बड़े शिक्षण संस्थानों में स्थायी जनभागीदारी अध्यक्ष की नियुक्ति संस्था के विकास के लिए बेहद जरूरी है। जहां महाविद्यालय में आनन-फानन में किसी पढ़े-लिखे चुने जनप्रतिनिधि के बजाए भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता को इस पद के लिए योग्य समझा गया। वहीं डोंगरगांव को अलग पहचान देने वाली संस्था बीटीआई के लिए भी आज पर्यन्त अध्यक्ष पद को रोककर रखा गया है। जहां विकास की अनंत संभावनाएँ हैं।

### अध्यक्ष की नियुक्ति पर सवाल

नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश पाठक ने बताया कि नियमों को ताक में रखकर बनाए गए महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अस्थायी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद आनन-फानन में स्थानीय प्रबंधन समिति की सूची भी जारी कर दी गई। जिसमें योगेश पटेल अध्यक्ष, प्राचार्य सचिव, एसडीएम स्थानीय प्रशासन, स्थानीय संगठन सदस्य बालकृष्ण सिन्हा, लोकेश यदु, गौरव यदु, स्थानीय उद्योगपति मनोज हेमनानी, कृषक सदस्य भाविश निक्की साहू, दानदाता सदस्य बोधनदास साहू, अभिभावक सदस्य महेश्वर साहू, बिरेन्द्र साहू, पूर्व छात्र अध्यक्ष नवनीत अहीर, गोविन्दा राजपूत, अनुसूचित जाति सदस्य आशीष कामड़े, अनु.जनजाति सदस्य गिरीजाशंकर उइके, पिछड़ा वर्ग सदस्य राजीवगिरी गोस्वामी, महिला सदस्य सरिता ढीमर, मंजू सोनकर, विधायक प्रतिनिधि रोशन यदु, पोषक शाला सदस्य उमा हरिवंश, महाविद्यालय सदस्य बी.महोबिया, डॉ. सीके साहू को शामिल किया गया है।

### सांसद प्रतिनिधि आज तक नहीं क्यों?

जनभागीदारी समिति को पूरे महाविद्यालय के संचालन के लिए अनेक जिम्मेदारियाँ होती हैं। हालाकि अभी भी उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के ही नियम छत्तीसगढ़ में लागू हैं और यह सर्वोच्च समिति सभा होती है। इस सभा का अध्यक्ष राज्य शासन व्दारा नियुक्त किया जाता है। जिसमें राज्य शासन संबंधित नगर निकाय, जनपद एवं जिला पंचायत के सदस्य, विधायक अथवा सांसद में से किसी को अध्यक्ष नियुक्त किया जाना है। साथ ही सामान्य परिषद का उपाध्यक्ष कलेक्टर अथवा उनका प्रतिनिधि होता है, सामान्य परिषद में विधायक, सांसद अथवा उनके नामजद प्रतिनिधि सदस्य होंगें, लेकिन इस समिति में सांसद प्रतिनिधि आज तक नहीं है।

इतने महत्वपूर्ण समिति में अध्यक्ष के रूप में पार्टियाँ मनमानी करते हुए अध्यक्ष पद के लिए ऐसे व्यक्ति का नाम प्रस्तावित करती हैं। जो वर्तमान में कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं है। वहीं समिति के गठन में भी कई ऐसे नाम हैं, जो वर्षों से महाविद्यालय जनभागीदारी समिति में जमे हुए हैं। साथ ही इस कुछ ऐसे नाम भी हैं। जो अन्यत्र जिले में शासकीय कर्मचारी के रूप में पदस्थ हैं। अध्यक्ष के चयन में लगभग दो वर्ष बीतने कुल मिलाकर महाविद्यालय के समुचित विकास के लिए स्थायी अध्यक्ष का चयन काफी जिम्मेदारी से किया जाना चाहिए और किसी पढ़े लिखे जनप्रतिनिधी को इसकी बागडोर दी जानी चाहिए, ताकि उनके पांच वर्षों के कार्यकाल तक कोई विध्न न हो।

# श्रीराम कथा के दौरान बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चैन की चोरी

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर इंडस्ट्रीयल एरिया के समीप भदौरिया चौक में पं. मनोज पुष्प महराज की श्रीराम कथा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित रहा। जिसे सुनने बड़ी संख्या में लोग पधार रहे थे। फ्लाई ओवर के नीचे 10 मई से आयोजित उक्त श्रीराम कथा महोत्सव का 17 म ई को समापन होना था। उसके पूर्व 13 मई को कथा श्रवण के लिए पहुंची एक बुजुर्ग महिला के गले से किसी ने सोने की चैन पार कर दी। यह घटना शाम को आरती के समय की बताई जाती है। पुलिस को मामले की जानकारी होते ही उक्त अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी व झपटमारी का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि सोनार पारा शीतला मंदिर के समीप निवासी 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला शकुंतला परिहार अपनी सहेली उषा सोनी के साथ श्रीराम कथा सुनने गई थी। शाम को करीब साढ़े 7 से 8 बजे के बीच आरती के दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर कर किसी अज्ञात महिला ने करीब 25 ग्राम वजन की सोने की चैन पर हाथ साफ कर दी। महिला को घर पहुंचने पर और गले में सोने की चैन नहीं होने की जानकारी रात करीब साढ़े 8 बजे हुई। इस पर उन्होंने उक्त संबंध में अपनी सहेली और अपने बेटे को जानकारी दी। तत्काल सभी रामकथा स्थल पहुंचकर आसपास में काफी तलाश की लेकिन चैन का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित बुजुर्ग महिला शकुंतला परिहार के अनुसार चोरी की गई सोने की चैन की कीमत लगभग एक लाख रुपए है। उन्होंने पुलिस को तत्संबंध मे दिए गए आवेदन में बताया कि राम कथा स्थल पर कार्यक्रम की संपूर्ण विडियो रिकॉर्डिंग आयोजकों द्वारा कराई जा रही थी। जिससे आरोपियों का पहचान किया जाना संभव जान पड़ता है। पुलिस द्वारा कार्यक्रम स्थल की वीडियो फुटेज को मंगवाकर उसे खंगालना शुरू किया।

# गोड़लवाही से देवबावली और मासुलकसा मार्ग जर्जर, राहगीर परेशान



**पीडब्ल्यूडी की सड़क पर उभरे गहरे गड्ढे, गिट्टी-बोल्डर उखड़े, बारिश में हादसे की आशंका, ग्रामीणों ने की सुधार की मांग**

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण अंचलों में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की अनदेखी के चलते सड़कों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। विकासखंड के आश्रित ग्राम गोड़लवाही से देवबावली मार्ग वर्तमान में पूरी तरह खराब हो चुका है। स्थिति यह है कि इस मार्ग पर शायद ही कोई ऐसी जगह बची हो जहां छोटे-बड़े गड्ढे न बन गए हों। कई स्थानों पर तो सडक् का बायां और दाहिना हिस्सा पूरी तरह से धंस चुका है और गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है। आगामी बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भरने से कभी भी किसी बड़े हादसे और जान-माल की क्षति होने की पूरी आशंका बनी हुई है।

### मासुलकसा से गोड़लवाही मार्ग की स्थिति भी दयनीय

सिर्फ देवबावली ही नहीं, बल्कि ग्राम मासुलकसा से गोड़लवाही पहुंच मार्ग की स्थिति भी अत्यंत दयनीय बनी हुई है। इस मार्ग पर बिछाई गई गिट्टी और बोल्डर पूरी तरह से उखड़ चुके हैं। जिसके कारण दुपहिया और चार पहिया वाहन चालकों का चलना दूभर हो गया है। पत्थरों के उखड़ने से गाड़ियों के फिसलने और दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा हर वक्त बना रहता है।

### सरपंच सहित ग्रामीणों ने की तत्काल मरम्मत की मांग

मार्ग की इस बदहाली को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गोड़लवाही के सरपंच जगदीश बघेल, रविदास मालेकर, त्रिलोचन मानिकपुरी, मंशा राम साहू, रेवाराम ठाकुर आदि ने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मानसून की शुरुआत से पहले इस मार्ग का सुदृढ़ीकरण और तत्काल डामरीकरण/मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को इस रोजाना की परेशानी और संभावित हादसों से निजात मिल सके।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**0 पेट्रोल सैकड़ा पार, जनता पर क्यों अत्याचार के नारों से गूंजा खैरागढ़**

**0 पेट्रोल पंप के सामने शहर कांग्रेस कमेटी का धरना प्रदर्शन**

**0 पुलिस और कांग्रेसियों के बीच झुमा-झटकी**





खैरागढ़ (दावा)। पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और बेलगाम महंगाई के विरोध में रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के किल्लापारा स्थित पेट्रोल पंप पहुंचे जहां जमकर नारेबाजी करते हुए महंगाई के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया।

प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल पंप के पास में धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही पुलिस प्रसाशन के साथ झुमा झटकी भी हुई। कांग्रेसियों ने जोरदार नारा लगते हुए केंद्र सरकार को घेरा। पेट्रोल पम्प के पास तनाव जैसा माहौल रहा। प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल सतक पार जनता पर क्यों अत्याचार डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम कैसे चलेगा। आम इंसान का काम जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर जनता की जेब पर लगातार बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम आदमी की कमर टूट चुकी है। महंगाई ने गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पांच राज्यों के चुनाव तक पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए गए, लेकिन चुनाव खत्म होते ही सीधे तीन रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही अपने भाषणों में इस बात की आशंका जता चुके थे, कि चुनावी खर्च की भरपाई जनता की जेब से की जाएगी। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की समस्याओं से दूर केवल टैक्स वसूली में लगी हुई है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का असर परिवहन, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों पर सीधा पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार तत्काल पेट्रोल-डीजल के दाम कम करे और जनता को राहत दे। मनराखन देवांगन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान प्रदर्शन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीलांबर वर्मा,शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरूण भारद्वाज, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरती महोबिया, सूर्यकांत यादव, भरत चंद्राकर, अरशद हुसैन, महिला शहर अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर, शेखर दास वैष्णव, पूरन सारथी, यतेन्द्र जीत सिंह 'छोटू, महेश यादव, रिंकू महोबिया,मोहित भांडेकर, किशन रजक, भूपेंद्र वर्मा, सूरज देवांगन, रतन सिंघी, आकाश सिंह, कन्हैया रजक, ईश्वरी वर्मा, राहुल बंजारे, जितेंद्र रजक, रजा लहरे, विनोद सिन्हा, हरी दर्शन ढीमर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूकेजी में वेदकुमार ने 100 प्रतिशत अंकों के साथ हासिल किया प्रथम स्थान



जोंधरा (दावा)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सी.जी. पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल डोंगरगांव से एक होनहार छात्र की बड़ी सफलता की खबर सामने आई है।

विद्यालय की यू.के.जी. कक्षा में अध्ययनरत छात्र वेदकुमार मालेकर ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

बालक वेदकुमार ने परीक्षा में शत-प्रतिशत (100 परसेंट) अंक हासिल कर न केवल अपनी कक्षा में टॉप किया। बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया है।

इतनी छोटी उम्र में बच्चे की इस असाधारण प्रतिभा और एकाग्रता को देखकर हर कोई उसकी सराहना कर रहा है। वेदकुमार की इस शानदार सफलता और उपलब्धि पर उनके परिवार में हर्ष का माहौल है। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन पर जीवन मालेकर, प्रभा मालेकर, सादगी मालेकर और ध्वनी मालेकर सहित शाला परिवार के समस्त शिक्षकों व स्टाफ ने बालक को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। साथ ही उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रेषित किया है।

# सूर्यकुमार की कप्तानी खतरे में? पंत की भूमिका पर भी उठे सवाल; दोनों पर गंभीर की राय होगी निर्णायक

मुंबई। बीसीसीआई चयन समिति मंगलवार को गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन करेगी। हालांकि इस दौरे पर कोई टी20 मुकाबला नहीं खेला जाएगा, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार चयनकर्ता भविष्य की टी20 योजनाओं और कप्तानी को लेकर अनौपचारिक चर्चा कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव की हालिया फॉर्म और मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल 2026 में खराब प्रदर्शन ने उनकी कप्तानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यही वजह है कि चयनकर्ता अब टी20 कप्तानी के अगले विकल्पों पर भी विचार कर सकते हैं।

### गंभीर की राय होगी सबसे अहम

रिपोर्ट के मुताबिक, टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर की राय इस पूरे मामले में निर्णायक साबित हो सकती है। टी20 विश्व कप जीत के बाद यह पहली चयन बैठक होगी, इसलिए टीम मैनेजमेंट भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से विचार करेगा। चयनकर्ता आयरलैंड और इंग्लैंड



दौरे के लिए संभावित टी20 खिलाड़ियों पर भी चर्चा कर सकते हैं। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी बरकरार रहेगी या नहीं, इस पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी।

### ऋषभ पंत की भूमिका पर भी सवाल

सिर्फ सूर्यकुमार ही नहीं, बल्कि ऋषभ पंत के भविष्य को लेकर भी चयन समिति में गंभीर चर्चा हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ट क्रिकेट में उपकप्तानी की जिम्मेदारी पंत के खेल पर असर डाल रही है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, भारतीय क्रिकेट ऋषभ पंत जैसे मैच विनर बल्लेबाज को खोने का जोखिम नहीं उठा सकता। उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कई टेस्ट मैच जिताए हैं। लेकिन जब भी उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई, बल्लेबाजी के दौरान उनके फैसले बेहतर नहीं दिखे। सूत्र ने आगे कहा, चयन समिति के दिमाग में यह बात जरूर होगी कि उन्हें खुलकर खेलने का मौका दिया जाए।

### वनडे टीम में बढ़ सकती है मुश्किल

वनडे सेटअप में भी पंत की जगह पूरी तरह सुरक्षित नहीं मानी जा रही। केएल राहुल फिलहाल पहली पसंद विकेटकीपर माने जा रहे हैं, जबकि ध्रुव जुरेल, संजू सैमसन और ईशान किशन भी मजबूत दावेदार हैं। ऐसे में आने वाले महीनों में भारतीय टीम में कई बड़े फैसले देखने को मिल सकते हैं। इस बीच, अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता बीसीसीआई की मेडिकल टीम की मंजूरी पर निर्भर करेगी। अगर मेडिकल बोर्ड बुमराह के वर्कलोड को सुरक्षित मानता है, तो वह हश्मतुल्लाह शाहिदी की टीम के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेल सकते हैं।

# थाईलैंड ओपन में रजत पदक जीतने के बाद मलयेशिया मास्टर्स से हटे सात्विक-चिराग

नई दिल्ली। भारत की स्टार पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आगामी मलयेशिया मास्टर्स से हटने का फैसला किया है। थाईलैंड ओपन में शानदार प्रदर्शन के बाद दोनों खिलाड़ी अब अपने व्यस्त कार्यक्रम को संतुलित तरीके से मैनेज करना चाहते हैं। थाईलैंड ओपन के फाइनल में उपविजेता रहने के बाद भारतीय जोड़ी ने पुष्टि की कि वे अब सीधे सिंगापुर, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेंगे। मैच के बाद सात्विक ने कहा, नहीं, हम मलयेशिया नहीं खेल रहे हैं। अब हम सिंगापुर, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया खेलेंगे।

### थाईलैंड ओपन फाइनल में मिली हार

थाईलैंड ओपन के फाइनल में भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया के लीओ रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्थिन के खिलाफ 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। निमिबुत्र स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पहले गेम में भारतीय जोड़ी पूरी तरह दबाव में दिखी, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने जोरदार वापसी की और चार



चैंपियनशिप पॉइंट बचाए। हालांकि अंत में वे मुकाबला निर्णायक गेम तक नहीं ले जा सके।

चिराग शेट्टी ने मैच के बाद कहा, हम शुरुआत अच्छी नहीं कर पाए। शटल काफी तेज थी और हम उसे नीचे रखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन लगातार बैकफुट पर थे। दूसरे गेम में हमने शटल को ऊपर से खेलना शुरू किया और कुछ फ्लिक्स भी इस्तेमाल किए, जिससे मुकाबला बेहतर हुआ, लेकिन अंत में यह काफी नहीं था। सात्विक ने बताया कि पहले गेम में कोर्ट की परिस्थितियां और इंडोनेशियाई जोड़ी की आक्रामक रणनीति उनके लिए बड़ी चुनौती बनी। उन्होंने कहा, पहले साइड पर खेलना काफी मुश्किल था क्योंकि वहां शटल बहुत तेज जा रही थी। विरोधी हमें अपने गेम स्टाइल में ले गए। हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने में समय लगा। दूसरे गेम में हमने बेहतर खेल दिखाया। अगर कुछ अहम पॉइंट्स में और सटीक होते तो मैच तीसरे गेम तक जा सकता था।

### आत्मविश्वास वापसी की ओर

हालांकि खिताब हाथ से निकल गया, लेकिन इस पूरे टूर्नामेंट को भारतीय जोड़ी ने अपने आत्मविश्वास की वापसी के रूप में देखा। सात्विक ने माना कि पिछले कुछ महीनों में उनका आत्मविश्वास थोड़ा कम हुआ था, लेकिन अब वे धीरे-धीरे अपने पुराने अंदाज में लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, आज को छोड़ दें तो पूरे टूर्नामेंट में हमने अच्छा खेला। हमें कोर्ट पर खुद पर ज्यादा भरोसा रखने की जरूरत है। पहले हम 90 प्रतिशत आत्मविश्वास के साथ उतरते थे, लेकिन अब वह धीरे-धीरे वापस आ रहा है। मुझे लगता है जल्द ही हम फिर से जीत की तरफ होंगे। चिराग ने भी इस बात से सहमति जताई और कहा कि हालिया थॉमस कप अभियान ने टीम का आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

# विनेश फोगाट की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने डब्ल्यूएफआई को जारी किया नोटिस, छह जुलाई को होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को नोटिस जारी किया है। डब्ल्यूएफआई ने हाल ही में विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित किया था। विनेश ने इस नोटिस को चुनौती दी थी जिस पर हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई।



### विनेश ने दी थी चुनौती

विनेश डब्ल्यूएफआई के इस फैसले से खुश नहीं थीं और उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने और आने वाले खेलों के लिए होने वाले ट्रायल में उनका नाम शामिल नहीं करने को चुनौती दी थी। विनेश की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने फौरी राहत देने से इनकार कर दिया और छह जुलाई को अगली सुनवाई करने का फैसला किया।

### दूसरे पक्ष को सुनकर ही फैसला देगी अदालत

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने महासंघ को निर्देश दिया कि कारण बताओ नोटिस को छह जुलाई तक तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाए और उनके समक्ष फैसला रखें। अदालत ने अयोग्यता को लेकर विनेश की याचिका पर डब्ल्यूएफआई और केंद्र को नोटिस दिए हैं और कहा कि इस मामले में प्रतिस्पर्धी हितों के बीच संतुलन बनाये रखना जरूरी है। विनेश की ओर से सीनियर अधिवक्ता ने कहा कि उन्हें 30 और 31 मई को होने वाले एशियाई खेलों के ट्रायल में भाग लेने दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मातृत्व अवकाश पर गई महिला एथलीटों की रैंकिंग और दर्जे को सुरक्षित रखा जाता है, वहीं डब्ल्यूएफआई की नवीनतम नीति ने उन्हें इससे बाहर रखा है।

# भारतीय एयरटेल बनी दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी, एचडीएफसी बैंक को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली। भारत की बड़ी टेलिकॉम कंपनियों में शामिल भारती एयरटेल ने मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में एचडीएफसी बैंक को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही एयरटेल अब रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद भारत की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई।

18 मई को एयरटेल के शेयर करीब 2 फीसदी चढ़कर 1953.8 रुपये तक पहुंच गए। इस तेजी के बाद कंपनी का मार्केट कैप लगभग 12 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया। वहीं एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप घटकर करीब 11.8 लाख करोड़ रुपये रह गया। बाजार के क्लोजिंग पर एयरटेल का मार्केट कैप घटकर 11.6 लाख करोड़ रुपए पर आ गया। पिछले एक हफ्ते में एयरटेल के शेयरों में करीब 10 फीसदी की तेजी आई जबकि एचडीएफसी बैंक के शेयर सिर्फ 1 फीसदी ही बढ़ पाए। दूसरी तरफ एचडीएफसी बैंक पिछले कुछ महीनों से दबाव में है। बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद निवेशकों की चिंता बढ़ी है। यही वजह है कि बैंक के शेयर पिछले 6 महीनों में करीब 22 फीसदी टूट चुके।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज अब भी नंबर-1

देश की सबसे मूल्यवान कंपनी अब भी रिलायंस इंडस्ट्रीज है, जिसका मार्केट कैप करीब 18.04 लाख करोड़ रुपये है। हालांकि एयरटेल के तिमाही नतीजों में मुनाफे में गिरावट देखने को मिली। कंपनी का फाइनेंशियल ईयर 2026 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 33.5 फीसदी घटकर 7325 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 11021.8 करोड़ रुपये था।

# लगातार छह हार से पंजाब किंग्स पर संकट गहराया, प्रीति जिंटा और श्रेयस अय्यर की गंभीर बातचीत चर्चा में

धर्मशाला। धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 222/4 का बड़ा स्कोर बनाया। टीम के लिए वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन की शानदार पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने तेज अर्धशतक जड़कर पंजाब के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। पंजाब की ओर से गेंदबाजी काफी फीकी रही और टीम शुरुआती ओवरों में विकेट निकालने में नाकाम रही। यही मैच का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।



### शुरुआती झटकों से टूटा पंजाब

223 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने जल्दी-जल्दी विकेट गंवा दिए और कप्तान श्रेयस अय्यर भी बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। हालांकि, शशांक सिंह ने 27 गेंदों में 56 रन और मार्कस स्टोइनिस ने 25 गेंदों में 37 रन बनाकर मुकाबले को जिंदा रखने की कोशिश की, लेकिन टीम 20 ओवर में 199/8 तक ही पहुंच सकी। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार ने तीन विकेट लिए, जबकि भुवनेश्वर कुमार ने दो सफलताएं हासिल कीं।

### हार के बाद दिखी निराशा

मैच खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स के ड्रेसिंग रूम में निराशा साफ नजर आई। वहीं मैदान पर कप्तान श्रेयस अय्यर और टीम की सह-मालकिन Preity Zinta के बीच लंबी और गंभीर बातचीत भी कैमरे में कैद हुई, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

### श्रेयस अय्यर ने क्या कहा?

हार के बाद श्रेयस अय्यर ने माना कि टीम मैच पावरप्ले में ही हार गई थी। उन्होंने कहा, उन्होंने शानदार शुरुआत की और पावरप्ले के बाद गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाया। 222 रन का स्कोर बेहतरीन था। हम विकेट नहीं निकाल पाए और मुझे लगता है कि मैच पावरप्ले में ही निकल गया था। उन्होंने बल्लेबाजी क्रम की विफलता पर भी निराशा जताई। श्रेयस ने कहा, हम तीन विकेट जल्दी गंवा बैठे।

# संघर्ष को ताकत बनाकर इतिहास रचने वाले अमन होंगे हमारे खास मेहमान, युवाओं को करेंगे प्रेरित

लखनऊ। अमर उजाला समूह की ओर से आयोजित किए जा रहे संवाद उत्तर प्रदेश 2026 कार्यक्रम में खेल जगत की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी। इसी क्रम में पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता और भारतीय कुश्ती के युवा स्टार अमन सहरावत भी मंच पर नजर आएंगे। दो दिवसीय इस विशेष आयोजन में 20 से अधिक सत्र आयोजित होंगे, जिनमें 35 से ज्यादा अतिथि प्रदेश के विकास, खेल, राजनीति, मनोरंजन, अध्यात्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे अहम विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। यह आयोजन 18 और 19 मई को द सेंट्रम होटल में सुबह नौ बजे से शुरू होगा।

### संघर्ष से निकला नया सितारा

16 जुलाई 2003 को हरियाणा के झज्जर जिले के बिरोहर गांव में जन्मे अमन सहरावत ने बेहद छोटी उम्र में जीवन की कठिन चुनौतियों का सामना किया। बचपन में मिट्टी के अखाड़ों से कुश्ती शुरू करने वाले अमन ने 2012 ओलंपिक में सुशील कुमार का प्रदर्शन देखकर पहलवान बनने का सपना देखा। इसके बाद वह



मात्र 10 साल की उम्र में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम पहुंचे। अमन की जिंदगी में सबसे बड़ा झटका तब लगा, जब 11 साल की उम्र में उन्होंने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कुश्ती को ही अपना लक्ष्य बना लिया।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर बनाई पहचान

छत्रसाल स्टेडियम में कोच ललित कुमार के मार्गदर्शन में अमन ने अपने खेल को नई दिशा दी। वर्ष 2021 में उन्होंने पहली बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। इसके बाद 2022 में उन्होंने अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी साल अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड जीतकर वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय पहलवान बने। साल 2023 में भी अमन का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने अस्ताना में आयोजित एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता, जबकि एशियन गेम्स में 57 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। जनवरी 2024 में जाग्रेब ओपन रेसलिंग टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने अपनी बेहतरीन तैयारी का संकेत दिया।

### पेरिस ओलंपिक में रचा इतिहास

अमन सहरावत पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई करने वाले भारत के इकलौते पुरुष पहलवान थे। ओलंपिक में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को हराया। हालांकि सेमीफाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कांस्य पदक मुकाबले में अमेरिका के डेरियन क्रूज को 13-5 से हराकर उन्होंने इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ अमन सहरावत व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

# पेरिस ओलंपिक में पदक नहीं जीत पाने की दोषी विनेश खुद हैं, पूर्व कुश्ती कोच का बड़ा आरोप

लखनऊ। भारतीय कुश्ती टीम के पूर्व कोच विनोद कुमार ने अमर उजाला संवाद में शिरकत की। अमर उजाला समूह उत्तर प्रदेश की राजधानी में संवाद उत्तर प्रदेश 2026 का आयोजन कर रहा है। इसमें विनोद कुमार भी पहुंचे। उनके साथ पूर्व पहलवान संग्राम सिंह और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत भी मौजूद थे। विनोद कुमार ने इस दौरान महिला पहलवान विनेश फोगाट पर निशाना साधा और कहा कि ओलंपिक में पदक नहीं जीत पाने की दोषी खुद विनेश हैं।

### क्या था विवाद?

विनेश पेरिस ओलंपिक में अपने वजन वर्ग के फाइनल में पहुंच गई थीं। स्वर्ण पदक के मैच से पहले उनका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया था जिस कारण उन्हें मैच के लिए अयोग्य घोषित किया गया और विनेश पदक लाने से चूक गईं थीं। इसे लेकर उस वक्त काफी विवाद भी हुआ था और विनेश ने खेल पंचाट में अपील भी की थी, लेकिन वहां भी उनके हाथ निराशा लगी थी। अब विनोद कुमार ने इसके पीछे विनेश को ही दोषी ठहराया है।



अमर उजाला संवाद के मंच पर विनोद कुमार से विनेश को लेकर ओलंपिक में हुए विवाद के बारे में पूछा गया। इस पर विनोद ने तल्ख अंदाज में कहा, पेरिस ओलंपिक में बढ़े हुए वजन की जिम्मेदार विनेश फोगाट खुद हैं। उन्होंने सबसे बड़ी गलती यहां ही की थी। भारत में वो दो भार वर्ग में लड़ीं। उनकी गलती से ऐसा हुआ। ये बहुत बड़ी गलती है, इतने बड़े प्लेटफॉर्म पर वेट नहीं ला रहे। आप यहां से ही क्यों इस वजन के साथ गईं?

### विनोद ने विनेश पर चार साल का प्रतिबंध लगाने की मांग की

इसके बाद विनोद से पूछा गया कि अगर वह उस वक्त भारतीय टीम के कोच होते तो क्या करते? इस पर इस पूर्व कोच ने कहा, मैं तो चाहता हूं कि विनेश पर इस गलती के लिए चार साल का प्रतिबंध लगना चाहिए। ये छोटी गलती नहीं, बहुत बड़ी गलती है और ये जो गुमराह किया गया कि वेट नहीं आया, आप लोगों को नहीं पता 100 ग्राम ज्यादा नहीं था वजन। 100 ग्राम तो आदमी बाल भी काट लेता।

### वजन प्रबंधन पर क्या बोले अमन?

अमन ने कहा, सबसे पहले पहलवान की खुद जिम्मेदारी होती है, वजन को प्रबंध करने की। वजन घटाते वक्त अगर कोई और दिक्कत हो गई शरीर में तो वो ज्यादा दिक्कत है। हम पहले से ही सेट करके चलते हैं कि इस दिन टूर्नामेंट है तो हमें ऐसा दिखाना है, इतना वेट एडजस्ट करना है, बनाकर चलना है। क्योंकि अब अगले दिन भी वेट दिखाना पड़ता है। पहले तो बस पहले दिन वेट दिखा दो तो सबकुछ फाइनल हो जाता था।

**43 साल बाद नॉर्वे पहुंचे पीएम मोदी....**

देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 2.73 अरब डॉलर था। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा यह है कि नॉर्वे का गवर्नमेंट पेंशन फंड ग्लोबल भारतीय शेयर बाजार में लगभग 28 अरब डॉलर का निवेश कर चुका है। अब इस दौरे के बाद ग्रीन टेक्नोलॉजी, ट्रेड और ब्लू इकोनॉमी (समुद्री व्यापार) के क्षेत्र में कई ऐसे ऐतिहासिक समझौते होने जा रहे हैं, जो भारतीय बाजार की किस्मत बदल देंगे। दोनों नेता इंडिया-नॉर्वे बिजनेस एंड रिसर्च समिट को भी संबोधित करेंगे। द्विपक्षीय वार्ता में भारत के ISRO और नॉर्वे के KSAT के बीच स्पेस सहयोग पर चर्चा होगी, जिसमें दोनों संस्थाएँ एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। अपनी इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम मोदी नॉर्वे के शाही परिवार के राजा हेराल्ड पंचम और रानी सोंजा (सोन्या) से भी मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय वार्ता को नई दिशा देंगे। उधर, दोनों देशों के टॉप बिजनेसमैन और वैज्ञानिकों के बीच इंडिया-नॉर्वे बिजनेस एंड रिसर्च समिट होने जा रहा है, जिसमें भारत में अरबों डॉलर के निवेश पर मुहर लगेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं महामहिम राजा हेराल्ड और रानी सोन्या से मिलूंगा और प्रधानमंत्री स्टोर के साथ बातचीत करूंगा। कल, 19 तारीख को, ओस्लो में तीसरा भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन होगा, जो मेरे नॉर्डिक समकक्षों से मिलने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। 19 मई को ओस्लो की धरती पर तीसरा भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। इस समिट में नॉर्डिक क्षेत्र के सभी 5 ताकतवर देश शामिल हो रहे हैं। जिसमें नॉर्वे, डेनार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, स्वीडन शामिल है। भारत और नॉर्डिक देशों के बीच इस समय करीब 19 अरब डॉलर का कारोबार होता है। भारत में लगभग 700 नॉर्डिक कंपनियां पहले से ही एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में पैर जमाए बैठी हैं। जून 1983 में जब इंदिरा गांधी नॉर्वे गई थीं, तब की दुनिया अलग थी। आज का भारत वैश्विक महाशक्ति बनने की राह पर है। यही वजह है कि इस दौरे की टाइमिंग को लेकर वॉशिंगटन से लेकर बीजिंग तक चर्चाएं तेज हैं। क्लीन एनर्जी, ग्रीन ट्रांजिशन और ग्लोबल सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए भारत अब यूरोप के इस सबसे अमीर हिस्से को अपने पाले में कर रहा है।

**महाराष्ट्र के पालघर में कंटेनर.....**

उप-जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां छह लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। इनमें से गंभीर रूप से घायल चार लोगों को मुंबई और ठाणे के अस्पतालों में भेजा गया है। इस भीषण दुर्घटना के कारण मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया और कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने पंचनामा कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और क्रेन से मलबे को हटाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कंटेनर चालक दुर्घटना के बाद से ही फरार है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की हैं। महाराष्ट्र सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपयों की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई है, तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। घायलों का इलाज निशुल्क करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**CSMCL ओवरटाइम घोटाला केस.....**

रुपए, बोनस भुगतान के रूप में 12.21 करोड़ रुपए, 4 अतिरिक्त कार्यदिवसों के भुगतान के तौर पर 54.46 करोड़ रुपए और सर्विस चार्ज के रूप में करीब 15.11 करोड़ रुपए शामिल हैं। इस तरह कुल मिलाकर लगभग 182.98 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान विभिन्न मैनपावर एजेंसियों को किया गया, जिसे जांच एजेंसियां बड़े वित्तीय अनियमितता और कथित कमीशन नेटवर्क से जोड़कर देख रही है। 29 नवंबर 2023 को 28.80 लाख रुपए नकद पकड़े जाने की घटना इस कथित अवैध कमीशन सिस्टम की महत्वपूर्ण कड़ी बनी। जब कड़ियां जोड़ी गईं, तो पता चला कि यह पैसा कर्मचारियों के पसीने की कमाई (ओवरटाइम) का था, जिसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ACB ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धोखाधड़ी (IPC 420, 120-बी) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। इस तरह अब तक 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। EOW का कहना है कि पहली चार्ज शीट के अलावा अन्य संबंधित व्यक्तियों, अवैध राशि के उपयोग, निवेश और व्यापक नेटवर्क की जांच अभी जारी है। अतिरिक्त साक्ष्यों के आधार पर आगे और भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**भ्रष्टाचार और महिला अत्याचार....**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज रेप केस और संदेशखाली हिंसा जैसे मामलों को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला था। चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी नेताओं का आरोप था कि राज्य में कानून-व्यवस्था कमजोर हुई और आम लोगों को न्याय नहीं मिला। अब सरकार बनने के बाद बीजेपी ने इन्हीं मुद्दों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को कोलकाता के पार्क सर्कस सेवन पॉइंट क्रॉसिंग पर लोग प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए थे। यह प्रदर्शन तिलजला इलाके में हुई बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ किया जा रहा था। इस प्रदर्शन में एक समय के बाद हालात बिगड़ गए थे। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर और ईंटें फेंकनी शुरू कर दी। इस दौरान कई पुलिस गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। इस हिंसा में 10 पुलिसकर्मी और CAPF के 3 जवान घायल हुए हैं। इस मामले में भी शुभेन्दु अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया है और कहा है कि पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**'सीना तानकर कह सकता हूं....**

नक्सलवाद की तीन बड़ी सुरक्षा चुनौतियां थीं, लेकिन आज भारत इन तीनों से मुक्त होकर विकास की राह पर है। गृह मंत्री ने अब बस्तर के लिए अगले 5 साल का एक नया और बेहद महत्वाकांक्षी टारगेट सेट कर दिया है। उन्होंने एलान किया कि बस्तर को देश का सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बनाया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 70 कैंप अब सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि विकास के वन-स्टॉप सेंटर के रूप में काम करेंगे, जहां से आदिवासियों को 370 सरकारी योजनाओं का सीधा फायदा मिलेगा। इसी बीच, अमित शाह ने आत्मसमर्पण करने वाले पूर्व नक्सलियों से हुई बातचीत का एक बेहद दर्दनाक सच भी जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे पूछा कि वे नक्सलवाद में कैसे शामिल हुए। उन्होंने बताया कि जब हम तीसरी कक्षा में पढ़ रहे थे, तब वे हम सभी को अपने साथ ले गए थे। उनकी जिंदगी तबाह हो गई। नक्सलियों के खौफ की वजह से ही बस्तर के अंदरूनी इलाकों में आदिवासियों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी, 7 किलो फ्री चावल, सरकारी नौकरियों में 15त्न आरक्षण और बुनियादी शिक्षा जैसी सुविधाएं कभी मिल ही नहीं पाईं। अब मुख्यधारा में लौटे 3,000 पूर्व नक्सलियों को शिक्षित और हुनरमंद बनाने के लिए सरकार 20 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। भाषण के अंत में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और सीआरपीएफ के एलीट कोबरा कमांडोज की बहादुरी को सलाम करते हुए शाह ने कहा विकसित भारत का सपना बस्तर के बिना अधूरा है। अमित शाह ने कड़े शब्दों में कहा कि मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि एक विकसित बस्तर के बिना, एक विकसित भारत का सपना अधूरा है। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि अब नक्सलवाद का अंत हो चुका है, और पिछले 50 सालों में हुए नुकसान की भरपाई करना राज्य और केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। हम अगले कुछ सालों में इस नुकसान की भरपाई करेंगे और बस्तर को विकसित करने के सपने को पूरा करेंगे। तब तक, हम यह नहीं मानेंगे कि हमारा लक्ष्य पूरा हो गया है।

**अमेरिका-चीन व्यापार समझौताः आर्थिक.....**

एशिया की स्थिति पर भी गंभीर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने समुद्री व्यापार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। दोनों देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री व्यापार को सुरक्षित बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की है। यह क्षेत्र वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है। इस क्षेत्र में स्थिरता दोनों देशों के हित में है। इस बैठक में सबसे ज्यादा चर्चा ताइवान मुद्दे को लेकर हो रही है। रिपोर्टों के अनुसार, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने निजी बातचीत में ताइवान को लेकर अमेरिका को साफ चेतावनी दी। इसके बावजूद व्हाइट हाउस की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में इस विषय का कोई उल्लेख नहीं किया गया। विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका ने जानबूझकर ताइवान मुद्दे को सार्वजनिक बयान से दूर रखा।

**पाकिस्तान ने सऊदी में तैनात की....**

अरब में पहले से मौजूद पाकिस्तानी सैनिकों के अतिरिक्त है। गोपनीय समझौते के अनुसार, जरूरत पड़ने पर सऊदी अरब की सीमाओं की सुरक्षा के लिए 80,000 पाकिस्तानी सैनिकों तक को भेजा जा सकता है। इसमें पाकिस्तानी युद्धपोतों की तैनाती का भी प्रावधान है। पाकिस्तान ने ये लड़ाकू विमान तब भेजे, जब ईरानी हमलों ने सऊदी के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया था। उस हमले में एक सऊदी नागरिक की मौत हुई थी। इस घटना के बाद ही पाकिस्तान इस युद्ध का मुख्य मध्यस्थ बनकर उभरा। पाकिस्तान ने हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कराने में बड़ी भूमिका निभाई है। यह संघर्षविराम पिछले छह सप्ताह से प्रभावी है। इस्लामाबाद ने ही दोनों पक्षों के बीच शांति वार्ता के इकलौते दौर की मेजबानी की थी।

**भारत की पहली बुलेट ट्रेन की फोटो....**

कि प्रोजेक्ट में शामिल 12 में से 8 स्टेशनों का नींव का काम पूरा हो चुका है। इनमें वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, आनंद, वडोदरा, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। 17 नदी पुल पूरे हो चुके हैं, जबकि नर्मदा, माही, तापी और साबरमती जैसी 4 बड़ी नदियों पर पुल का काम तेजी से चल रहा है। महाराष्ट्र में भी 4 नदी पुलों पर काम जारी है। रेल डिपो के काम की बात करें तो ठाणे, सूरत और साबरमती में डिपो तेजी से बनाए जा रहे हैं। मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में सिविल वर्क अच्छा चल रहा है। यहां खुदाई का 91त्न काम पूरा हो चुका है और बेसमेंट स्लैब का काम लेवल-4 तक 100त्न पूरा हो गया है। इस प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सा अंडर-सी टनल भी है। करीब 21 किमी लंबी इस टनल का काम शुरू हो चुका है। इसमें से महाराष्ट्र के घनसोली और शिलफाटा के बीच 4.8 किमी टनल का काम पूरा हो गया है। इसमें 16 किमी सुरंग टनल बोरिंग मशीनों से और बाकी 5 किमी सुरंग न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड से बनाई जा रही है। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे 7 किलोमीटर लंबी समुद्री सुरंग भी शामिल है।

# आपसी समझदारी की मिसाल : घुपसाल बना छुआछूत और भेदभाव मुक्त गांव

छुरिया (दावा)। कहते हैं कि अगर नीयत साफ हो तो बातचीत के जरिए बड़ी से बड़ी सामाजिक समस्या को सुलझाया जा सकता है। इसका ताजा और अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। विकासखंड छुरिया के ग्राम घुपसाल ने। आजादी के 79 वर्ष बाद आज जब हर समाज शिक्षित और जागरूक हो रहा है। तब भी कई ग्रामीण अंचलों में दलित व अनुसूचित जाति वर्ग के प्रति भेदभाव और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयां देखने को मिल जाती हैं। ग्राम घुपसाल का महार समाज भी लंबे समय से इसी दंश को झेल रहा था, लेकिन अब इस गाँव ने भाईचारे की एक नई इबारत लिख दी है।

### शिक्षक की पहल और ग्राम समिति का मिला साथ

गाँव में लंबे समय से यह कुप्रथा चली आ रही थी कि किसी भी अन्य समाज के सामाजिक कार्यक्रम में महार समाज को छोड़ दिया जाता था, और महार समाज के आयोजनों में अन्य समाज दूरी बना लेते थे। इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए महार समाज के युवा शिक्षक गजेंद्र चौधरी ने कमान संभाली। उन्होंने अपने समाज की बैठक बुलाकर इस गतिरोध को दूर करने के लिए गाँव के अन्य समाजों से संवाद करने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद एक लिखित आवेदन ग्राम विकास समिति और ग्राम पटेल को सौंपकर भेदभाव दूर करने की भावुक अपील की गई।

### एक हफ्ते के भीतर समाजों ने मंथन कर लिया ऐतिहासिक फैसला

ग्राम विकास समिति ने मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए तत्काल कदम उठाया। समिति ने

**आजादी के 79 साल बाद टूटा सामाजिक दूरियों का चक्रव्यूह, ग्राम विकास समिति की पहल पर सभी समाजों ने लिया एकता का संकल्प**

गाँव के सभी समाज प्रमुखों को लिखित सूचना देकर एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने समाजों में बैठक करने और इस मुद्दे पर राय बनाने को कहा। इसके बाद 14 मई को ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में सभी समाजों की एक महाबैठक आयोजित की गई। काफी विचार-विमर्श और मंथन के बाद सभी समाजों ने एक सुर में महार समाज के साथ हो रहे वर्षों पुराने भेदभाव को हमेशा के लिए समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

### लिखित में हुआ समझौता, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

अब गाँव में तय किया गया है कि भविष्य में होने वाले हर सामाजिक कार्यक्रम में महार समाज को ससम्मान सम्मिलित किया जाएगा और अन्य समाज के लोग भी उनके कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस ऐतिहासिक फैसले को ग्राम विकास समिति द्वारा बकायदा लिखित दस्तावेज का रूप दिया गया है। समिति ने यह भी साफ कर दिया है कि यदि भविष्य में किसी भी समाज द्वारा इस नियम का उल्लंघन या भेदभाव किया गया, तो समिति द्वारा उस समाज के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान ग्रामीण भारत को बदलने वाले इस महत्वपूर्ण समाज सुधार और समरसता अभियान में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सेवाराम सिन्हा, उपाध्यक्ष हेमंत सिन्हा, कोषाध्यक्ष भोलाराम उईके, सचिव महेंद्र नंदेश्वर तथा ग्राम पटेल दशरथ नेताम की भूमिका सराहनीय रही। साथ ही समिति सदस्य देवागा यादव, लेखराम मंडावी, हेमंत मंडावी, इंदल सिन्हा, शिव साहू और दौलत पटेल ने भी इस बदलाव को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। गाँव का यह कदम आज आसपास के पूरे क्षेत्र में चर्चा और तारीफ का विषय बना हुआ है।

# पाकिस्तान को सेना प्रमुख की दोटूक और मरियम नवाज का फैसला भारतवासियों को गौरवान्वित करने वाला : अशोक चौधरी

राजनांदगांव (दावा)। मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि आज अखबार में दो समाचार ध्यान आकर्षित किया है। पहला हमारे देश के सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आतंकवाद को बढ़ावा देते रहोगे और उसका भारत के ऊपर कोई प्रभाव पड़ेगा तो पाकिस्तान को यह तय करना पड़ेगा कि वह भूगोल के नक्शे में रहे या इतिहास बन कर रहे हैं।



**ऑपरेशन सिंधु से भी घातक हमले की चेतावनी सराहनीय, पाकिस्तान में हिंदू स्थलों के पुराने नाम बहाल करना स्वागत योग्य कदम**

चौधरी ने आगे कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर से भी घातक हमला करके पाकिस्तान को मिटा देगा पाकिस्तान को ऐसी ही भाषा समझ में आती है, जैसे हमारे सेना प्रमुख ने कहा है यह हर भारतीयों को गौरवान्वित करने वाला बयान है। इसके लिए सेना प्रमुख को साधुवाद। दूसरा समाचार पाकिस्तान पंजाब के प्रमुख नेता मरियम नवाज का आया है जिसने अपने पिता की गलती जो उन्होंने 1990 के अपने शासनकाल में किया था सभी हिंदू नाम वाले संस्थानों का और स्थलों का नामकरण मुसलमानों के आधार पर कर दिया था उन सभी नाम को वापस लेकर हिंदू नाम करण कर दिया है, जैसे लाहौर का इस्लाम पूरा अब कृष्णा नगर और बाबरी चौक फिर से जैन मंदिर चौक कहलाएगा। सुन्नत नगर अब संत नगर के नाम से जाना जाएगा ऐसे ही कई नाम जो मुस्लिम नाम से जाना जाता था उसे पुणे हिंदू नाम से जाना जाएगा। यह हिंदू मुसलमान के प्रगाढ़ संबंध के लिए बहुत बड़ा कार्य है याद हो कि हिंदू सिख पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हैं जिन्हें पाकिस्तान के मुसलमानो द्वारा घोर यातना देकर मुस्लिम धर्म स्वीकार करा लिया गया है। जो थोड़े बहुत हिंदू सिख बचे हुए हैं उनके बेटी बहू को जबरदस्ती निकाह करके मुसलमान बना दिया जाता है, इसलिए मरियम नवाज का यह कार्य सराहनीय है। हम भारतवासी हिंदू होने के नाते मरियम नवाज को धन्यवाद प्रेषित करते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय काव्य सम्मेलन : राजनांदगांव की साहित्यकार आभा श्रीवास्तव रायपुर में सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। राजधानी के विन्तरा सभागार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय काव्य सम्मेलन साहित्य और काव्य चेतना का प्रमुख केंद्र बना। इस गरिमामय आयोजन में देश-विदेश सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए रचनाकारों ने काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम में राजनांदगांव की वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवयित्री आभा श्रीवास्तव को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अमेरिका की प्रसिद्ध कवयित्री सुश्री अनिता कपूर उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती शकुंतला तरार, अरुण निगम, जयप्रकाश मानस, गिरीश पंकज, सुशील त्रिवेदी, डॉ. अभिलाष बेहर, कृष्ण लाल एवं डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी शामिल हुए। इस भव्य आयोजन का संयोजन डॉ. सीमा निगम (अध्यक्ष, जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्था), डॉ. सीमा अवस्थी तथा डॉ. सुधीर शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बहुचर्चित पुस्तक बदलता बस्तर का लोकार्पण रहा, जिसका विमोचन मुख्य अतिथि सुश्री अनिता कपूर द्वारा किया गया। इस पुस्तक में वरिष्ठ साहित्यकार आभा श्रीवास्तव का एक विशेष लेख भी संकलित है। उपस्थित समीक्षकों और साहित्यकारों ने इस लेख को छत्तीसगढ़ की सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों को बयां करने वाला एक महत्वपूर्ण लेख बताया। सम्मेलन के दौरान आभा श्रीवास्तव ने अपनी कविताओं का पाठ किया। जिसमें सामाजिक संवेदना, नारी शक्ति और मानवीय मूल्यों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। साहित्य के क्षेत्र में उनकी दीर्घकालीन साधना और निरंतर योगदान को देखते हुए आयोजन समिति ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। आयोजकों के अनुसार इस तरह के आयोजन छत्तीसगढ़ की समृद्ध साहित्यिक परंपरा को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान देते हैं।

# जिला कार्यालय का दोहरा चेहरा उजागर: पीड़ित को नियम, रसूखदार को रियायत

राजनांदगांव/ डोंगरगढ़ (दावा)। नक्सल हिंसा में पिता की शहादत के बाद अनुकंपा नियुक्ति के लिए 18 साल से संघर्ष कर रहे परिवार को प्रशासन से न्याय नहीं मिला। वहीं विभाग ने नियमों को ताक पर रखकर एक रसूखदार के रिश्तेदार को नौकरी दे दी। कलेक्ट्रेट के इस दोहरे रवैये से पीड़ित परिवार में भारी आक्रोश है।









नक्सल पीड़ित परिवार की ओर से बताया गया कि, वर्ष 2008 में नक्सली हमले में मारे गए लमनाधार के ग्रामीण सुगरूराम वर्मा के पुत्र गणेश वर्मा ने नक्सल पूनर्वास नीति तहत दी जानी वाली नौकरी नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। जिला प्रशासन ने आवेदक को अशिक्षित बताकर आवेदन निरस्त कर दिया। जबकि छत्तीसगढ़ अनुकंपा नियुक्ति नियमावली में स्पष्ट प्रावधान है कि अशिक्षित आश्रित को चतुर्थ श्रेणी पद पर नियुक्ति दी जाएगी या शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने हेतु समय दिया जाएगा।

पीड़ित परिवार के सदस्य ने आगे बताया कि, जब आवेदक ने कड़ी मेहनत से पांचवी उत्तीर्ण कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। इसके बाद भी फाइल एक दशक तक लंबित रही। वर्ष 2019 में प्रशासन ने यह कहकर प्रकरण बंद कर दिया कि, आवेदक की उम्र अब अधिक हो चुकी है। पुत्र की पात्रता समाप्त होने पर

**○ पिता को नक्सलियों ने मारा और हमें सिस्टम ने मार दिया**
**○ नक्सलियों की गोली से ज्यादा घातक अधिकारियों की कलम**

परिवार ने मृतक के पोता के लिए नियुक्ति की मांग की। कलेक्टर के कहने पर शपथ पत्र प्रस्तुत करने कहा शपथ पत्र दिया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुवा।

चौंकाने वाला तथ्य यह है कि, इसी कलेक्ट्रेट में एक नक्सल पीड़ित व्यक्ति के साले को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। नियमावली में साले को पात्र आश्रित की श्रेणी में कहीं स्थान नहीं दिया गया है। पीड़ित परिवार का सवाल है कि, जब पौत्र नियमों में नहीं आता तो साला किस नियम के तहत पात्र हो गया।

आवेदक द्वारा आवेदन देने के 10 वर्ष बाद, अधिकारी द्वारा उम्र का हवाला देना किस नियम के तहत उचित है? विलंब प्रशासनिक स्तर पर हुआ, दंड आवेदक को मिल रहा है। एक प्रकरण में साले की नियुक्ति की गई, उसकी फाइल सार्वजनिक करने से प्रशासन पीछे हट रहा है। मृतक के पुत्र ने बताया कि, पिता को नक्सलियों ने मारा और हमें सिस्टम ने मार दिया। हमने प्रशासन की हर शर्त मानी, पढ़ाई का इंतजार किया। फिर भी न्याय नहीं मिला। दूसरी तरफ पहुंच वालों के लिए न नियम आड़े आता है, न रिश्तेदारी।

### नक्सलियों की गोली से ज्यादा घातक अधिकारियों की कलम

नक्सल पीड़ित परिवारों का कहना है कि, जब तक प्रशासन की कलम गोली से ज्यादा घातक बनी रहेगी, तब तक शहीदों के परिवारों को न्याय नहीं मिल सकता। एक गोली एक जान लेती है, फाइल दबाने वाली कलम पूरी पीढ़ी बर्बाद कर देती है। अब पुलिस महानिरीक्षक के मांग किया हैं कि मेरे बेटे को नौकरी तत्काल दी जाए।

# छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला सम्मेलन में डॉ. कमलेश शर्मा बाबू के उपन्यास 'बूंदा बिहतरी' का हुआ भव्य विमोचन

ह्वराजनांदगांव (दावा)।11 मई सोमवार को कान्फ्रेंस हाल न्यू सर्किट हाउस सिविल लाईन रायपुर में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित जिला सम्मेलन में गंडई कटंगी निवासी डॉ. कमलेश शर्मा बाबू की छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'बूंदा बिहतरी' का शानदार विमोचन छालीवुड कलाकार और विधायक अनुज शर्मा के हाथों सम्पन्न हुआ।





**छालीवुड सुपर स्टार व विधायक अनुज शर्मा के हाथों विमोचित हुई कृति, गरिमामय समारोह में शर्मा बाबू का हुआ विशेष सम्मान**

जहां छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, छंद गुरु अरुण निगम, इतिहास वेत्ता रमेन्द्र मिश्रा, श्रीमती शशि दुबे, राजभाषा आयोग के सचिव अभिलाषा बेहार मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजभाषा आयोग द्वारा स्मृति चिन्ह, बस्तर आर्ट का पंछा और पुष्प गुच्छ देकर शर्मा बाबू को सम्मानित भी किया गया।

छत्तीसगढ़ी भाषा के साहित्यकार कमलेश प्रसाद शर्मा बाबू की उपलब्धि में आज एक और नया अध्याय जुड़ गया। शर्मा बाबू एक छोटे से गांव में रहते हुए भी अब तक छत्तीसगढ़ी भाषा की नौ पुस्तकें लिख चुके हैं। प्रतिभा किसी छोटे से जगह की मोहताज नहीं होती।

वे एक न एक दिन जरुर सबके सामने आती है। शर्मा बाबू ने यह साबित किया है। उसे एक अच्छे छंद साधक के रूप में भी जाना जाता है। खचाखच भरे इस हाल में डॉ. पीसी लाल यादव, मीर अली मीर, चेतन भारती सहित छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए साहित्यकार उपस्थित रहे।

# धरोहर संरक्षण : खैरागढ़ जिले में ज्ञान भारतम अभियान के तहत प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण जारी

खैरागढ (दावा)। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहल ज्ञान भारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य लगातार जारी है। कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रावल के मार्गदर्शन में जिले में संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर ज्ञान भारतम ऐप के माध्यम से उनका पंजीयन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ठाकुरपारा खैरागढ़ निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गोपाल दीक्षित के पास सुरक्षित दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपि का अवलोकन कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल द्वारा किया गया। गोपाल दीक्षित ने जानकारी दी कि यह हस्तलिखित पांडुलिपि अवधी भाषा में लिखी गई है। जिसमें घोड़ों से संबंधित विस्तृत जानकारी संकलित है। उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में घोड़े यातायात एवं आवागमन का प्रमुख साधन हुआ करते थे, इसलिए यह ग्रंथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान गोपाल दीक्षित द्वारा सन 1925 ईस्वी के ब्रिटिशकालीन स्टाफ एवं तत्कालीन दीवान के हस्तलिखित पत्र भी प्रदर्शित किए गए। जिन्हें देखकर अधिकारियों ने इसे ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए सराहना की। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि जिले में संरक्षित ऐसी दुर्लभ पांडुलिपियां हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। इनके संरक्षण एवं डिजिटलीकरण से आने वाली पीढ़ियों को इतिहास और परंपरा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी टांकेश्वर प्रसाद साहू, प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार साखरे, प्रापपादक डॉ मंगलानंद झा, केशव सिंह, सहित मोनीस, दीक्षित, दिगेश दीक्षीत उपस्थित रहे।

# पत्रकार आवासीय परिसर में बनेगा रानी सूर्यमुखी देवी के नाम पर प्रवेश द्वार

राजनांदगांव(दावा)। डोंगरगांव मार्ग पर पनेका क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के पहले पत्रकार आवासीय परिसर में मुख्य प्रवेश पाइंट पर रानी सूर्यमुखी देवी के नाम पर भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। इतना ही नहीं परिसर के मध्य भाग में श्री शंकर-श्री गणेश का मंदिर भी बनाया जाएगा। राजगामी संपदा न्यास का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार आवासीय परिसर का अवलोकन करने पहुंची पूर्णिमा साहू व उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने प्रेस क्लब की इन मांगों पर आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राजगामी की अगली बैठक में इस पर निर्णय किया जाएगा।



**मिला आश्वासन: राजगामी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने प्रेस क्लब को दिया आवश्यक सहयोग का आश्वासन**

राजगामी संपदा न्यास की नव मनोनीत अध्यक्ष पूर्णिमा और उपाध्यक्ष मनोज रविवार को औपचारिक निरीक्षण के लिए पत्रकार आवासीय परिसर पहुंचे थे। इस दौरान आवासीय परिसर में प्रस्तावित मंदिर निर्माण के साथ ही डोंगरगांव मार्ग पर परिसर के मुख्य प्रवेश मार्ग पर रानी सूर्यमुखी देवी के नाम से स्वागत द्वार निर्माण के लिए मांग पत्र भी सौंपा गया। इस पर दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि, चूंकि पत्रकार आवासीय परिसर को रानी सूर्यमुखी देवी के नाम पर रखा गया है। ऐसे में राजगामी की तरफ से रानी के नाम को अक्षुण्य व चिरस्थायी बनाए रखने हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि और प्रेस क्लब गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने पदाधिकारियों को आवासीय परिसर में विकास कार्यों व प्रस्तावित कार्ययोजना से भी अवगत कराया। इस दौरान प्रेस क्लब गृह निर्माण सहकारी समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादूर सिंह, प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा, मोहन कुलदीप, नीरा साहू, ललित ठाकुर, अवधेश यादव, गंगादास वैष्णव, अनिल नागवंशी, कृष्णा तिवारी व रोहित देवांगन सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

### दुधिया रोशनी से जगमगाएगा आवासीय परिसर भूमिपूजन करते प्रेस क्लब के पदाधिकारी

राजगामी संपदा न्यास द्वारा आवंटित 10 एकड़ जमीन पर विकसित पत्रकार आवासीय परिसर शीघ्र ही दुधिया रोशनी से जगमगाने वाला है। नगर निगम द्वारा वहां दो हाई मास्ट लाइटें लगाई जा रही है। इसके लिए सोमवार को प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि और प्रेस क्लब गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत कराई। यह कार्य महापौर मधुसूदन यादव और कलेक्टर जितेंद्र यादव की पहल पर कराया जा रहा है। इसके पूर्ण होने पर पूरा परिसर जगमग रोशनी से नहा उठेगा। इस दौरान प्रेस क्लब के अनुपम ठाकुर (गोल्डी), जितेंद्र सिंह, बसंत शर्मा, नीरा साहू, सुरेंद्र गुप्ता, हफीज खान व भाजपा नेता प्रकाश साहू उपस्थित थे।

# मोबाइल और रील्स के दौर में बच्चों को संस्कारी बनाने की पहल : शक्तिधाम में लगा 'बाल समागम शिविर'

राजनांदगांव (दावा)। आज के इस डिजिटल युग में जहां बच्चे स्कूली पढ़ाई के बोझ के साथ-साथ मोबाइल और सोशल मीडिया रील्स के जाल में फंसकर अपनी संस्कृति और नैतिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं। वहीं माता-पिता भी भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। बच्चों को इस भटकाव से बचाने और उनमें अच्छे संस्कारों के बीज बोने के लिए शहर के वार्ड नंबर-1, बाबुटोला स्थित शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम ने एक बड़ी और सराहनीय पहल की है। आश्रम में परमपूज्य गुरुदेव एवं गुरुमाता के सानिध्य में 'बाल समागम शिविर' का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को धर्म, संस्कृति और जीवनोपयोगी संस्कारों का पाठ पढ़ाया गया।



इस अनूठी पहल की सफलता को देखते हुए अब निर्णय लिया गया है कि आश्रम में प्रत्येक रविवार को बच्चों की विशेष कक्षाएं लगाई जाएंगी।

शिविर में केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इन महत्वपूर्ण विषयों पर ट्रेनिंग दी गई। जिसमें वर्तमान समय में बढ़ रहे अनाचार और अपराधों को देखते हुए बच्चों को अपने, आस-पड़ोस के या किसी अनजान व्यक्ति के गलत व्यवहार को पहचानने और सजग रहने की सीख दी गई। आज के कॉम्पिटिटिव दौर को ध्यान में रखते हुए बच्चों की तार्किक क्षमता और बौद्धिक विकास के लिए वैदिक विज्ञान व सामान्य ज्ञान की जानकारी दी गई। शरीर को स्वस्थ और मन को एकाग्र रखने के लिए बच्चों को योग-प्राणायाम कराया गया। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में खुद की रक्षा करने के गुर सिखाए गए। बच्चों को परिवार, समाज और अपने धर्म के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा दी गई। बच्चों के भीतर देश के प्रति समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना को जगाया गया।

शक्तिधाम आश्रम की इस अभिनव पहल को लेकर पालकों में भारी उत्साह देखने को मिला। शिविर में पहुंचे पालकों ने गुरुदेव और गुरुमाता के इस प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की। पालकों ने कहा कि बच्चों को कॉन्वेंट और उच्च स्तरीय शिक्षा तो मिल रही है, लेकिन वे संस्कारों से दूर हो रहे हैं। ऐसे में यह शिविर उनके लिए बेहद जरूरी है। पालकों ने इस अभियान को अनवरत जारी रखने की अपील की है और आने वाले समय में इसे और बड़े व भव्य रूप में आयोजित करने के लिए अपनी पूरी सहमति दी है।

## रजिस्ट्री शुल्क में छूट बनी महिलाओं के लिए राहत

रायपुर, (दावा) । महिलाओं को रजिस्ट्री शुल्क में 50 प्रतिशत छूट देने की राज्य शासन की पहल अब प्रदेशभर में महिलाओं के लिए बड़ी राहत और आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन चुकी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय का लाभ लगातार महिलाओं को मिल रहा है, इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिल रही और परिवार में उनकी आर्थिक भागीदारी भी मजबूत हो रही है।

इसी क्रम में श्रीमती पुष्पांजलि देवांगन को इस पहल के तहत लगभग 44 हज़ार रूपए का सीधा लाभ मिला है। श्रीमती देवांगन एक गृहिणी हैं। उन्होंने बताया कि वे हमेशा अपने परिवार और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किसी अच्छे निवेश की सोचती थीं। रायपुर में प्लॉट खरीदने का निर्णय उनके परिवार के लिए एक बड़ा कदम था, लेकिन रजिस्ट्री शुल्क को लेकर चिंता बनी हुई थी।

# राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत जिले की 2468 किशोरी बालिकाओं का हुआ निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान पूरी गति से चलाया जा रहा है।



अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से बचाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत जिले में 2468 किशोरी बालिकाओं को चिकित्सकों की निगरानी में निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया गया है। जिसमें टीकाकरण उपरांत कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा एचपीवी वैक्सीन को पूरी तरह सुरक्षित बताया गया है। टीका लगवाने के लिए माता-पिता या अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। अभियान के तहत लक्षित आयु वर्ग की लड़कियों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन की एकल खुराक (सिंगल डोज) दी जा रही है। डॉक्टरों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सही उम्र में ली गई यह सिंगल-डोज वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर को रोकने में 93 से 100 प्रतिशत तक प्रभावी है। अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण और 15 वर्ष 90 दिन तक की बालिकाओं को कवर किया जा रहा है। यह वैक्सीन सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। पारदर्शिता और बेहतर रिकॉर्ड के लिए इस पूरी प्रक्रिया को यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। जहां लाभार्थी का डिजिटल सर्टिफिकेट भी डाउनलोड किया जा सकता है। सभी अभिभावकों, शैक्षणिक संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में योगदान देने की अपील की है। अभिभावक अपनी बेटियों के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य के लिए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित सत्रों में एचपीवी सुरक्षा कवच अवश्य दिलवाएं।

# डोंगरगढ़ ब्लाक में सुशासन तिहार प्रशासन के लिया बना मुसीबत

**0 शहर में अधिकारियों की तालाबंदी तो ग्रामीण क्षेत्र में सरपंच पर प्राणघातक हमला**

**0 दोनों प्रकरण में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया**

**0 एसडीएम के नेतृत्व में बाधित हुए शिविर का सुचारू संचालन कर समस्याओं निदान किया गया**







डोंगरगढ़ (दावा)। सुशासन तिहार के दौरान शहर में हुए तालाबंदी प्रकरण के बाद डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम पलांदूर में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम उस वक्त तनाव और अफरा-तफरी में बदल गया। जब एक ग्रामीण ने मंचीय संबोधन कर रहे सरपंच पर प्राण घातक हमला कर दिया। इसके पूर्व राशि स्वीकृत को लेकर सरपंच संघ के नेतृत्व में सरपंचों ने जनपद में तालाबंदी कर अधिकारियों को जनपद में बंद कर दिया था। पालंदुर प्रकरण में गनीमत यह रही कि हमलावर पेशावर नहीं था। घटना में सरपंच मानिकलाल वर्मा के हाथ में चोट आई है। चाकूबाजी की घटना से शिविर स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के मंचीय कार्यक्रम में सरपंच का भाषण चल रहा था। तभी आरोपी जितेन्द्र यादव (36 वर्ष) निवासी पलांदूर ने सरपंच माणिकलाल वर्मा पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। घटना के तुरंत बाद शिविर में मौजूद ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हमले से चोट ग्रस्त हुए सरपंच का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में किया गया।

### एसडीएम के नेतृत्व में बाधित हुए शिविर का सुचारू संचालन कर समस्याओं किया निदान

सुशासन तिहार के दौरान सरपंच पर हुए घातक हमले के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने एसडीएम एम भार्गव(आई ए एस) के नेतृत्व में मोर्चा संभाला और बाधित हुए शिविर का सुचारू संचालन कर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया।

### डोंगरगढ़ ब्लॉक में लगातार हो रहे अप्रत्याशित घटनाक्रम से प्रशासन की नींद उड़ी

भाजपा शासन काल के दौरान डोंगरगढ़ ब्लॉक में अनेक प्रकरण देखने और सुनने को मिल रहे हैं। जिसने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में मूलभूत सुविधाओं के लिए पर्याप्त राशि स्वीकृत नहीं करने पर सरपंच संघ के नेतृत्व में जनपद में तालाबंदी की गई थी। हाल ही में सुशासन तिहार के दौरान शहर के वार्ड नंबर 5 इंदिरा नगर में वार्ड पार्षद के नेतृत्व में वार्डवासियों ने आबादी पट्टा की मांग को लेकर शिविर में अधिकारियों को भवन के भीतर बंद कर दिया था। जिसे पुलिस हस्तक्षेप के बाद छुड़वाया गया। सोमवार को सुशासन तैयार के दौरान पालंदुर के सरपंच पर ग्रामीण ने प्राण घातक हमला कर ग्रामीणों के साथ-साथ प्रशासन को दहशत में ला दिया है।

# महंगाई पर हल्लाबोल : राजनांदगांव के किराना बाजार में उतरी कांग्रेस, मोदी सरकार की नीतियों को ठहराया जिम्मेदार



**○ शहीद भगत सिंह चौक से गुड़ाखू लाइन तक कांग्रेसियों ने व्यापारियों और आम जनता से किया सीधा जनसंवाद**

**○ खाद्य तेल, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों पर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी**

राजनांदगांव(दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार शाम बढ़ती महंगाई के खिलाफ किराना बाजार क्षेत्र में विरोध-प्रदर्शन एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, के नेतृत्व में कांग्रेसजन शहीद भगत सिंह चौक में एकत्रित हुए। जहां से गुड़ाखू लाईन, जूनी हटरी के बाजार क्षेत्र की ओर कूच कर खुदरा व्यापारियों और आम नागरिकों से संवाद किया गया।

कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने कांग्रेस नेताओं को बताया कि, पिछले 10 वर्षों में खाद्य तेल, शक्कर, चायपत्ती, दाल, आटा, चावल समेत रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ी हैं। आमजनता ने कहा कि, 200-300 रुपये रोज कमाने वाले परिवारों के लिए घर चलाना बेहद कठिन हो गया है। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों ने पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रखी है।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी है। जबकि आम जनता महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है और इसका सीधा असर गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों तथा छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है।

ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी आम लोगों की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि, खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर ईंधन तक हर क्षेत्र में बढ़ती कीमतों ने लोगों का जीवन संकट में डाल दिया है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पदम सिंह कोठारी, रमेश राठौर, भागवत साहू, विवेक वासनिक, राकेश जोशी, इकरामुद्दीन सोलंकी, कमलजीत सिंह पिंटू, झम्मन देवांगन, अशोक पंजवानी, मनीष गौतम, प्रेम रुचंदानी, पंकज बांधव, राहुल तिवारी, डॉ. राकेश कुमार, प्रवीण मेश्राम, चेतन भानुशाली, हेमंत ओस्तवाल, प्रदीप राठौर, युवराज भारती, मनीष साहू, बबलू कसार, ऋषि शास्त्री, शिवम गढ़पायले, संतोष शर्मा, रुपेश साहू, विनोद यादव, विशु आजमानी, राजिक सोलंकी, राकेश चंद्राकर, ताहिर जोया सहित अन्य कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित थे।




# सुशासन तिहार में व्यवधान उत्पन्न करने वाले नशे में ध्रुत व्यक्ति को पुलिस ने तत्काल हिरासत में लिया

### प्रशासनिक अधिकारियों की तत्परता, सूझबूझ, सक्रियता से स्थिति सामान्य हुई

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पलान्दूर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में सरपंच पर नशे में धुत एक व्यक्ति ने अचानक हमला कर दिया। हमला करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने तत्काल हिरासत में ले लिया है। सरपंच पर हमला करने वाले आरोपी का कारण निजी एवं व्यक्तिगत है। जिला प्रशासन की सजगता एवं सतर्कता से यह हादसा टल गया। आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के बाद सुशासन तिहार का कार्यक्रम यथावत चलता रहा। सुशासन तिहार में प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्परता, सूझबूझ, सक्रियता का परिचय दिया, जिससे स्थिति सामान्य हुई और कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। एसडीएम एम भार्गव घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल शिविर पहुंचे और उन्होंने वहां वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिला प्रशासन द्वारा जनमानस से शांति की अपील की गई और आगे कार्यक्रम सफलतापूर्वक जारी रहा। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 713 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें 700 मांग और 13 शिकायत से संबंधित आवेदन है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

## शोक सूचना



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे बड़े भाई श्री निर्मल कुमार शर्मा ( अधिवक्ता) का 17 मई दिन रविवार को आकस्मिक बैकुण्ठ धाम गमन हो गया है जिनकी शोक बैठक 19 मई दिन मंगलवार से शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक रखी गई है, महिलाओं की भी बैठक साथ-साथ ही रखी गई है।

| शोक संतप्त परिवार | शोकाकुल |
| --- | --- |
| मयंक शर्मा (कृष्णा) पुत्र | विमल शर्मा (भाई) |
| पियुष शर्मा पुत्र | विनोद शर्मा (भाई) |
| रवि, रोहित, शैलेष शर्मा (भतीजे) | अनिल शर्मा (चाचा जी) |

स्थान- श्री श्याम कुटी, रामाधीन मार्ग , राजनांदगांव (छ.ग.)




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com